गाँव के बड़े महसूस करते हैं कि अनेक समस्याएँ पैदा हो गई हैं क्योंकि लड़कियों को पढ़ाया जा रहा है और वे घर के सुरक्षित वातावरण के बाहर कदम रख रही हैं। उनका विचार यह है कि लड़कियों की न्यूनतम शिक्षा के साथ जल्दी से शादी कर दी जानी चाहिए। शिक्षा के बाद लड़कियाँ नौकरी के लिए भी स्पर्द्धा कर रही है, जो परंपरा से लड़कों का अनन्य क्षेत्र रहा है, और पुरूषों में बेरोजगारी में वृद्धि कर रही है।

युवा पीढ़ी महसूस करती है कि वर्तमान युग में, लड़कियों को शिक्षा और रोजगार तथा जीवन-निर्वाह के अन्य साधनों के समान अवसर प्राप्त होने चाहिए। समस्त इलाका वयोवृद्धों और युवाओं के बीच तथा उससे आगे दोनों पीढ़ियों में स्त्री-पुरुषों के बीच विभाजित है। आपको पता चलता है कि पंचायत या अन्य स्थानीय निकायों में या व्यस्त चौराहों पर भी, इस मुद्दे पर गरमागरम वाद-विवाद हो रहा है।

एक दिन आपको सूचना मिलती है कि एक अप्रिय घटना हुई है। कुछ लड़कियों के साथ छेड़खानी की गई जब वे स्कूलों के रास्ते में थीं। इस घटना के फलस्वरूप कई सामाजिक समूहों के बीच झगड़े हुए और कानून तथा व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई। गरमागरम वाद-विवाद के बाद बड़े-बूढ़ों ने लड़कियों को स्कूल जाने की अनुमति न देने और जो परिवार उनके हुक्म का पालन नहीं करते हैं, ऐसे कभी परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने का संयुक्त निर्णय ले लिया।

1. लड़कियों की शिक्षा में व्यवधान डाले बिना, लड़कियों की सुरक्षा को सुरिक्षत करने के लिए आप क्या कदम उठाएँगें?
2. पीढ़ियों के बीच संबंधों में समरसता सुनिश्चित करने के लिए आप गाँव के वयोवृद्धों की पितृतंत्रात्मक अभिवृत्ति का किस प्रकार प्रबंधन का और ढालने का कार्य करेंगे?

## Case-Study: Wife-beater Boss: To do something or not? (2016)

You are a young, aspiring and sincere employee in a Government office working as an assistant,



unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

to the director of your deportment. Since you've joined recently, you need to learn and progress. Luckily your superior is very kind and ready to train you for your job. He is a very intelligent and well-informed person having knowledge of various departments. In short, you respect your book and are looking forward to learn a lot from him.

Since you've good tuning with the boss, he started depending on you. One day due to ill health he invited you at his place for finishing some urgent work. You reached his house and you heard shouting noises before you could ring the bell. You waited for a while. After entering, boss greeted you and explained the work. But you were constantly disturbed by the crying of a woman. At last, you inquired with the boss but his answer did not satisfy you. Next day, you were compelled to inquire further in the office and found out that his behavior is very had at home with his wife. He also beat up his wife.

His wife is not well educated and is a simple woman in comparison to her husband. You see that though your boss is a nice person in the office, he is engaged in domestic violence at home. In such a situation, you are left with the following options. Analyse each option with its consequences.

1. Just ignore thinking about it because it is their personal matter.
2. Report the case to the appropriate authority.
3. Your own innovative approach towards the situation.

आप एक सरकारी कार्यालय में अपने विभाग के निदेशक के सहायक के रूप में कार्यरत एक युवा, उच्चाकांक्षी एवं निष्कपट कर्मचारी हैं । जैसा कि आपने अभी पद ग्रहण किया है, आपको सीखने एवं प्रगति की आवश्यकता है । भाग्यवश आपका उच्चस्थ बहुत दयालु एवं आपको अपने कार्य के लिए प्रशिक्षित करने के लिए तैयार है । वह बहुत बुद्धिमान एवं पूर्ण जानकार व्यक्ति है, जिसे विभिन्न विभागों का ज्ञान है । संक्षेप में, आप अपने बॉस का सम्मान करते हैं तथा उससे बहुत कुछ सीखने के उत्सुक हैं। जैसा कि आपके साथ बॉस के सम्बन्ध अच्छे हैं, वह आप पर निर्भर करने लगा है । एक दिन ख़राब स्वास्थ्य के कारण उसने आपको कुछ आवश्यक कार्य पूरा करने के लिए घर पर बुलाया ।

आप उसके घर पहुँचे एवं घंटी बजाने से पूर्व आपने ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने का शोर सुना । आपने कुछ समय प्रतीक्षा की । घर में प्रवेश करने पर बॉस ने आपका अभिनन्दन किया तथा कार्य के बारे में बतलाया । परन्तु आप एक औरत के रोने की आवाज़ से निरन्तर व्याकुल रहे । अन्त में आपने अपने बॉस से पूछा परन्तु उसने सन्तोषप्रद जवाब नहीं दिया । अगले दिन आप कार्यालय में इसके बारे में आगे जानकारी करने को उद्वेलित हुए एवं मालूम हुआ कि उसका घर में अपनी पत्नी के साथ व्यवहार बहुत ख़राब है । वह अपनी पत्नी की मारपीट भी करता है ।

उसकी पत्नी ठीक से शिक्षित नहीं है तथा अपने पति की तुलना में एक सरल महिला है । आप देखते हैं कि आपका बॉस कार्यालय में अच्छा व्यक्ति है, परन्तु घर पर वह घरेलू हिंसा में संलिप्त है । इस स्थिति में, आपके सामने निम्नलिखित विकल्प बचे हैं । प्रत्येक विकल्प का परिणामों के साथ विश्लेषण कीजिए।

1. इसके बारे में सोचना छोड़ दीजिए क्योंकि यह उनका व्यक्तिगत मामला है ।
2. उपयुक्त प्राधिकारी को मामले को प्रेषित कीजिए ।
3. स्थिति के बारे में आपका स्वयं का नवप्रवर्तनकारी दृष्टिकोण ।

## Social influence

**GSM4 Syllabus Topic:**

- Social Influence and Persuasion.

1. How could social influence and persuasion contribute to the success of Swatchh Bharat Abhiyan? (सामाजिक प्रभाव और समझाना-बुझाना स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के लिए किस प्रकार योगदान कर सकते हैं ?) 2016



unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

# Unacademy Study Materials

## Unacademy Notes







unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

# 5 Jobs

## Jobs: Subject Wise Break-up




**This graph deals with block 3, 4 and 5**

## Sarkaari Job Values

**GSM4 Syllabus Topic:**

- Civil Service aptitude & foundational values (integrity, impartiality, non-partisanship, objectivity, dedication to public service.

1. Should impartial and being non-partisan be considered indispensable qualities to make a successful civil servant? Discuss with illustrations. (क्या सफल लोक सेवक बनने के लिए निष्पक्ष और गैर-पक्षपाती होना अनिवार्य गुण माना जाना चाहिए? दृष्टांत सहित चर्चा कीजिए।) 2021
2. Besides domain knowledge, a public official needs innovativeness and creativity of a high order as well, while resolving ethical dilemmas. Discuss with a suitable example. (नैतिक दुविधाओं का समाधान करते समय एक लोक अधिकारी को कार्यक्षेत्र के ज्ञान के अलावा नव परिवर्तनशीलता और उच्च क्रम की रचनात्मकता की भी आवश्यकता होती है। उपयुक्त उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।) 2021
3. Identify five ethical traits on which one can plot the performance of a civil servant. Justify their inclusion in the matrix. (उन पाँच नैतिक लक्षणों की पहचान कीजिए, जिनके आधार पर लोक सेवक के कार्य-निष्पादन का आकलन किया जा सकता है। मेट्रिक्स में उनके समावेश का औचित्य सिद्ध कीजिए।) 2021
4. Identify ten essential values that are needed to be an effective public servant. Describe the ways and means to prevent non-ethical behaviour in public servants. (उन दस आधारभूत मूल्यों की पहचान कीजिए, जो एक प्रभावी लोक सेवक होने के लिए आवश्यक हैं। लोक सेवकों में गैर-नैतिक व्यवहार के निवारण के तरीकों और साधनों का वर्णन कीजिए।) 2021
5. What do you understand by the term 'public servant'? Reflect on the expected role of a public servant. ('लोक सेवक' शब्द से आप क्या समझते हैं ? लोक सेवक की प्रत्याशित भूमिका पर विचार कीजिए।) 2019
6. "In looking for people to hire, you look for three qualities: integrity, intelligence and energy. And if they do not have the first, the other two will kill you." – Warren Buffett. What do you understand by this statement in the present-day scenario? Explain. ("नियुक्ति के लिए व्यक्तियों की खोज करते


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

समय आप तीन गुणों को खोजते हैं : सत्यनिष्ठा, बुद्धिमत्ता और ऊर्जा । यदि उनमें पहला गुण नहीं है, तो अन्य दो गुण आपको समाप्त कर देंगे ।" – बॉरेन बफेट वर्तमान परिदृश्य में इस कथन से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए।) 2018

7. What is mean by public interest? What are the principles and procedures to be followed by the civil servants in public interest? (लोकहित से क्या अभिप्राय है ? सिबिल कर्मचारियों द्वारा लोकहित में कौन-कौन से सिद्धांतों और कार्यविधियों का अनुसरण किया जाना चाहिए?) 2018
8. State the three basic values, universal in nature, in the context of civil services and bring out their importance. (सिविल सेवाओं के संदर्भ में सार्विक प्रकृति के, तीन आधारिक मूल्यों का कथन कीजिए और उनके महत्त्व को उजागर कीजिए।) 2018
9. Examine the relevance of the following in the context of civil service: (a) Transparency (b) Accountability (c) Fairness and justice (d) Courage of conviction (e) Spirit of service. (सिविल सेवा के संदर्भ में निम्नलिखित की प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए : (a) पारदर्शिता (b) जवाबदेही (c) निष्पक्षता तथा न्याय (d) दृढ़ विश्वास का साहस सेवा भाव) 2017
10. One of the tests of integrity is complete refusal to be compromised. Explain with reference to a real life example. (समझौते से पूर्ण रूप से इनकार करना सत्यनिष्ठा की एक परख है । इस संदर्भ में वास्तविक जीवन से उदाहरण देते हुए व्याख्या कीजिए।) 2017
11. Conflict of interest in the public sector arises when (a) official duties, (b) public interest, and (c) personal interest are taking priority one above the other. How can this conflict in administration be resolved? Describe with an example. (सार्वजनिक क्षेत्र में हित-संघर्ष तब उत्पन्न होता है, जब निम्नलिखित की एक-दूसरे के ऊपर प्राथमिकता रखते हैं : (a) पदीय कर्तव्य (b) सार्वजनिक हित (c) व्यक्तिगत हित प्रशासन में इस संघर्ष को कैसे सुलझाया जा सकता है ? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।) 2017
12. Why should impartiality and non-partisanship be considered as foundational values in public services, especially in the present day socio-political context? Illustrate your answer with examples. (क्या कारण है कि निष्पक्षता और अपक्षपातीयता को लोक सेवाओं में, विशेषकर वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक संदर्भ में, आधारभूत मूल्य समझना चाहिए ? अपने उत्तर को उदाहरणों के साथ सुस्पष्ट कीजिए।) 2016
13. Public servants are likely to confront with the issues of 'Conflict of Interest'. What do you understand by the term 'Conflict of Interest' and how does it manifest in the decision making by public servants? If faced with the conflict of interest situation, how would you resolve it? Explain with the help of examples. (लोक सेवकों के समक्ष 'हित संघर्ष (कनफ्लिक्ट ऑफ इन्टरेस्ट) के मुद्दों का आ जाना संभव होता है। आप 'हित संघर्ष' पद से क्या समझते हैं और यह लोक सेवकों के द्वारा निर्णयन में किस प्रकार अभिव्यक्त होता है? यदि आपके सामने हित संघर्ष की स्थिति पैदा हो जाय, तो आप उसका हल किस प्रकार निकालेंगे? उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए।) 2015
14. How do the virtues of trustworthiness and fortitude get manifested in public service? Explain with examples. (विश्वसनीयता और सहन-शक्ति के सद्गुण लोक सेवा में किस प्रकार प्रदर्शित होते हैं। उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए।) 2015
15. A mere compliance with law is not enough, the public servant also has to have a well-developed sensibility to ethical issues for effective discharge of duties." Do you agree? Explain with the help of two examples, where (i) an act is ethically right, but not legally and (ii) an act is legally right, but not ethically. ("केवल कानून का अनुपालन ही काफी नहीं है, लोक सेवक में, अपने कर्तव्यों के प्रभावी पालन करने के लिए, नैतिक मुद्दों पर एक सुविकसित संवेदन-शक्ति का होना भी आवश्यक है।" क्या आप सहमत हैं? दो उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए, जहाँ (i) कृत्य नैतिकतः सही है, परंतु वैध रूप से नहीं है तथा (ii) कृत्य वैध रूप से सही है, परंतु नैतिकतः सही नहीं है।) 2015
16. Two different kinds of attitudes exhibited by public servants towards their work have been identified as the bureaucratic attitude and the democratic attitude. a) Distinguish between these two terms and write their merits and demerits. b) Is it possible to balance the two to create a better administration for the faster development of our country? (लोक सेवकों की अपने कार्य के प्रति प्रदर्शित दो अलग-अलग प्रकारों की अभिवृत्तियों की पहचान अधिकारीतंत्रीय अभिवृत्ति और लोकतांत्रिक अभिवृत्ति के रूप में की गई है। a) इन दो पदों के बीच विभेदन कीजिए और उनके गुणों-अवगुणों को बताइए। b) अपने देश का तेजी से विकास की दृष्टि से बेहतर प्रशासन के निर्माण के लिए क्या



unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

दोनों में संतुलन स्थापित करना संभव है?) 2015

17. What does 'accountability' mean in the context of public service? What measures can be adopted to ensure individual and collective accountability of public servants? (लोक-सेवा के संदर्भ में 'जवाबदेही' का क्या अर्थ हैं? लोक-सेवकों की व्यक्तिगत और सामूहिक जवाबदेही को सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय अपनाए जा सकते है?) 2014
18. Integrity without knowledge is weak and useless, but knowledge without integrity is dangerous and dreadful. What do you understand by this statement? Explain your stand with illustrations from the modern context. ("ज्ञान के बिना ईमानदारी कमजोर और व्यर्थ है, परन्तु ईमानदारी के बिना ज्ञान ऽतरनाक और भयानक होता हैं।" इस कथन से आप क्या समझते हैं? आधुनिक संदर्भ से उदाहरण लेते हुए अपने अभिमत को स्पष्ट कीजिए।) 2014
19. There is a heavy ethical responsibility on the public servants because they occupy positions of power, handle huge amounts of public funds, and their decisions have wide-ranging impact on society and environment. What steps have you taken to improve your ethical competence to handle such responsibility? (लोक-सेवकों पर भारी नैतिक उतरदायित्व होता है, क्योंकि वे सत्ता के पदों पर आसीन होते हैं, लोक-निधियों की विशाल राशियों पर कार्रवाई करते हैं, और उनके निणर्यों का समाज और पर्यावरण पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। ऐसे उतरदायित्व को निभाने के लिए, अपनी नैतिक सक्षमता पुष्ट करने हेतु आपने क्या कदम उठाए हैं?) 2014
20. What do you understand by the following terms in the context of public service? (5 terms x 3 marks each: a) Integrity b) Perseverance c) Spirit of service d) Commitment e) Courage of conviction f) Personal opinion. लोक सेवा के संदर्भ में निम्न शब्दों से आप क्या समझते हैं? a) सत्यनिष्ठा b) अध्यवसाय c) सेवा-भाव d) प्रतिबद्धता f) साहसपूर्ण दृढ़ता 2013
21. Indicate two more attributes which you consider important for public service. Justify your answer. (दो ऐसे अन्य गुण बताइए जिन्हें आप लोक सेवा के लिए महत्त्वपूर्ण समझते हैं। अपने उत्तर का औचित्य समझाइए। ) 2013

## Case Study: politicization of bureaucracy (2019)

In a modern democratic polity, there is a concept of the political executive and permanent executive elected people's representatives forms the political executive and bureaucracy form the permanent executive. Ministers frame policy decisions and bureaucrats execute these. In the initial decades after independence, the relationship between the permanent executives and the political executives were characterized by mutual understanding, respect, and cooperation, without encroaching upon each other's domain.

However, in subsequent decades, the situation has changed. There are instances of the political executive insisting upon the permanent executives to follow its agenda. Respect for an appreciation of upright bureaucrats has declined. There is an increasing tendency among the political executive to get involved in routine administrative matters such as transfers, posting etc. Under this scenario, there is a definitive trend towards 'politicization of bureaucracy'. The rising materialism and acquisitiveness in social life has also adversely impacted upon the ethical values of both the permanent executive and the political executive.

What are the consequences of this 'politicization of bureaucracy? Discuss.

आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य व्यवस्था में, राजनीतिक कार्यपालिका और स्थायी कार्यपालिका की संकल्पना होती है। निर्वाचित जन प्रतिनिधि राजनीतिक कार्यपालिका का गठन करते हैं और अधिकारीतंत्र स्थायी कार्यपालिका का गठन करती है। मंत्रीगण नीति निर्माण करते हैं और अधिकारी उन नीतियों को क्रियान्वित करते हैं। स्वतंत्रता के पश्चात् प्रारंभिक दशकों में, राजनीतिक कार्यपालिका और स्थायी कार्यपालिका के बीच अंतर्सम्बन्ध, एक दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप किए बिना, परस्पर समझ, सम्मान और सहयोग पर आधारित थे।

लेकिन बाद के दशकों में स्थिति में परिवर्तन आया है। ऐसे प्रकरण आए हैं जहाँ राजनीतिक कार्यपालिका ने स्थायी कार्यपालिका पर अपनी कार्यसूची का अनुसरण करने का दबाव बनाया है। सत्यनिष्ठ अधिकारियों के प्रति सम्मान और सराहना में गिरावट आई है। इस प्रवृत्ति में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है कि राजनीतिक


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

कार्यपालिका में नैत्यिक प्रशासनिक प्रसंगों में जैसे कि स्थानान्तरण, प्रस्थापन आदि में अंतर्ग्रस्त होने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। इस परिदृश्य में 'अधिकारीतंत्र के राजनीतिकरण' की ओर एक निश्चित प्रवृत्ति है। सामाजिक जीवन में बढ़ती भौतिकवाद और संग्रहवृत्ति ने राजनीतिक कार्यपालिका और स्थायी कार्यपालिका पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है ।

'अधिकारीतंत्र के इस राजनीतिकरण' के क्या-क्या परिणाम हैं ? विवेचना कीजिए ।

## Work Culture at Office

**GSM4 Syllabus Topic:**

- Work Culture from this topic, case studies are formed instead of theoretical questions. These case studies are usually related to sexual harassment, work deadline, Chalta hai mindset, pressure from above etc.

1. In the context of work environment, differentiate between 'coercion'and 'undue influence'with suitable examples. (उपयुक्त उदाहरण सहित कार्य परिवेश के सन्दर्भ में 'ज़बरदस्ती'और 'अनुचित प्रभाव' में अंतर स्पष्ट कीजिए।) 2023
2. Case study: harassment by insecure Chief Architect

   You have just been appointed as Additional Director General of Central Public Works Department. The Chief Architect of your division, who is to retire in six months, is passionately working on a very important project, the successful completion of which would earn him a lasting reputation for the rest of his life.

   A new lady architect. Seema, trained at Manchester School of Architecture, UK joined as Senior Architect in your division. During the briefing about the project, Seema made some suggestions which would not only add value to the project, but would also reduce completion time. This has made the Chief Architect insecure and he is constantly worried that all the credit will go to her. Subsequently, he adopted a passive and aggressive behaviour towards her and has become disrespectful to her. Seema felt it embarrassing as the Chief Architect left no chance of humiliating her. He would very often correct her in front of other colleagues and raise his voice while speaking to her. This continuous harassment has resulted in her losing confidence and self-esteem. She felt perpetually tensed, anxious and stressed. She appeared to be in awe of him since he has had a long tenure in the office and has vast experience in the area of her work.

   You are aware of her outstanding academic credentials and career record in her previous organisations. However, you fear that this harassment may result in compromising her much needed contribution in this important project and may adversely impact her emotional well-being. You have also come to know from her peers that she is contemplating tendering her resignation.

   (a) What are the ethical issues involved in the above case?

   (b) What are the options available to you in order to complete the project as well as to retain Seema in the organization?

   (c) What would be your response to Seema's predicament? What measures would you institute to prevent such occurrences from happening in your organization?

   [हाल ही में आप केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक नियुक्त हुए हैं। आपके प्रभाग के मुख्य आर्किटेक्ट, जो छह महीने में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर उत्साहपूर्वक कार्य कर रहे हैं, जिसका सफल समापन उनके बचे हुए जीवन में एक स्थायी प्रतिष्ठा हासिल करेगा।


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

मैनचेस्टर आर्किटेक्चर स्कूल, यूके से प्रशिक्षित, एक नई महिला आर्किटेक्ट, सीमा ने आपके प्रभाग में बतौर वरिष्ठ आर्किटेक्ट कार्यभार सम्भाला है। इस प्रोजेक्ट के बारे में विवरण देने के दौरान, सीमा ने कुछ सुझाव दिए जो न केवल प्रोजेक्ट में मूल्य वृद्धि करेंगे, बल्कि प्रोजेक्ट की समापन अवधि भी घटा देंगे। इससे मुख्य आर्किटेक्ट असुरक्षित हो गए और सारा श्रेय सीमा को प्राप्त होने की उन्हें लगातार चिन्ता होने लगी। नतीजन, उसने सीमा के प्रति एक निष्क्रिय और आक्रामक व्यवहार अपना लिया जो सीमा के लिए अपमानजनक हो गया। सीमा उलझन में पड़ गई क्योंकि मुख्य आर्किटेक्ट उसे नीचा दिखाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। वह अकसर दूसरे सहयोगियों के सामने सीमा को गलत ठहराते और उससे ऊँची आवाज़ में बात करते। इस लगातार उत्पीड़न से सीमा आत्मविश्वास और आत्मसम्मान खोने लगी। वह लगातार तनाव, चिंता और दबाव महसूस करती। ऐसा प्रतीत हुआ कि सीमा मुख्य आर्किटेक्ट से डर भरे विस्मय में थी क्योंकि वह एक लम्बे समय से कार्यालय में थे और उनके पास इस कार्य क्षेत्र में व्यापक अनुभव था।
सीमा की उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता और पूर्व संस्थाओं में कैरियर रिकॉर्ड से आप अवगत हैं। हालाँकि, आपको डर है कि इस उत्पीड़न से सीमा को इस महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट में अत्यन्त आवश्यक योगदान पर समझौता करना पड़ सकता है और यह उसकी भावात्मक कुशलता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आपको अपने समकक्ष लोगों से भी पता चला है कि वह त्यागपत्र देने के बारे में सोच रही है।
(a) उपर्युक्त मामले में कौन-से नैतिक मुद्दे शामिल हैं ?
(b) प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए तथा सीमा को संस्था में बनाए रखने के लिए आपके पास क्या विकल्प उपलब्ध हैं?
(c) सीमा की दुर्दशा के लिए आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी ? संस्था में ऐसी घटनाएँ रोकने के लिए आप क्या कदम उठाएँगे ?] 2023

3. Case study: Work life balance for working woman

At 9 pm on Saturday evening, Rashika, a Joint Secretary, was still engrossed in her work in her office. Her husband, Vikram, is an executive in an MNC and frequently out of town in connection with his work. Their two children aged 5 and 3 are looked after by their domestic helper. At 9:30 pm her superior, Mr. Suresh calls her and asks her to prepare a detailed note on an important matter to be discussed in a meeting in the Ministry. She realises that she will have to work on Sunday to finish the additional task given by her superior. She reflects on how she had looked forward to this posting and had worked long hours for months to achieve it. She had kept the welfare of people uppermost in discharging her duties. She feels that she has not done enough justice to her family and she has not fulfilled her duties in discharging essential social obligations. Even as recently as last month she had to leave her sick child in the nanny's care as she had to work in the office. Now, she feels that she must draw a line, beyond which her personal life should take precedence over her professional responsibilities. She thinks that there should be reasonable limits to the work ethics such as punctuality, hard work, dedication to duty and selfless service.
(a) Discuss the ethical issues involved in this case.
(b) Briefly describe at least four laws that have been enacted by the Government with respect to providing a healthy, safe and equitable working environment for women.
(c) Imagine you are in a similar situation. What suggestions would you make to mitigate such working conditions?
[शनिवार की शाम 9 बजे संयुक्त सचिव रशिका अपने कार्यालय में अब भी अपने काम में व्यस्त थी । उसके पति विक्रम किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यपालक हैं और अपने काम के सिलसिले में अकसर वे शहर से बाहर रहते हैं। उनके दो बच्चे 5 और 3 साल के हैं जिनकी देखभाल घरेलू सहायिका द्वारा होती है। रशिका के उच्च अधिकारी श्रीमान सुरेश ने उसे शाम 9:30 बजे बुलाया और उन्होंने मंत्रालय की बैठक में चर्चा होने वाले किसी ज़रूरी मुद्दे पर एक विस्तृत टिप्पणी तैयार करने के लिए कहा। उसे लगा कि उसके उच्च अधिकारी द्वारा दिए गए इस अतिरिक्त काम को पूरा करने के लिए उसे रविवार को काम करना होगा ।
वह स्मरण करती है कि कैसे वह इस पोस्टिंग के प्रति उत्सुक थी और इसे हासिल करने के लिए उसने कई महीने देर-देर तक काम किया था। उसने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लोगों के कल्याण को सर्वोपरि रखा था। उसे महसूस होता है कि उसने अपने परिवार के साथ पर्याप्त न्याय नहीं किया है और आवश्यक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में कर्तव्यों को पूरा नहीं किया है। यहाँ तक कि अभी पिछले महीने में उसे अपने बीमार बच्चे को आया की देखभाल में छोड़ना पड़ा था क्योंकि उसे दफ्तर में काम करना था। अब उसे लगता है कि उसे एक रेखा खींचनी चाहिए, जिसमें अपनी पेशेवर ज़िम्मेदारियों की तुलना में प्रथमतः निजी ज़िंदगी को महत्त्व मिलना चाहिए। वह सोचती है कि समय की पाबंदी, कड़ी मेहनत, कर्तव्य के प्रति समर्पण और निःस्वार्थ सेवा जैसी कार्य नैतिकता की समुचित सीमाएँ होनी चाहिए।
(a) इस मामले में शामिल नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए ।


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

(b) महिलाओं के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और न्यायसंगत कार्य परिवेश मुहैया कराने के संदर्भ में सरकार द्वारा बनाए गए कम-से-कम चार कानूनों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

(c) कल्पना कीजिए कि आप भी ऐसी ही स्थिति में हों। आप उक्त कामकाजी परिस्थितियों को हल्का करने के लिए क्या सुझाव देंगे ?] 2023

4. Discipline generally implies following the order and subordination. However, it may be counter-productive for the organisation. Discuss. (अनुशासन में सामान्यत: आदेश पालन और अधीनता निहित है । फिर भी यह संगठन के लिए प्रति-उत्पादक हो सकता है । चर्चा कीजिए।) 2017

## Case Study: Toxic Boss (2021)

Pawan has been working as an officer in the State Government for the last ten years. As a part of the routine transfer, he was posted to another department. He joined a new office along with five other colleagues. The head of the office was a senior officer conversant with the functioning of the office. As a part of general inquiry, Pawan gathered that his senior officer carries the reputation of being a difficult and insensitive person having his own disturbed family life. Initially, all seem to go well. However, after some time Pawan felt that the senior officer was belittling him and at times unreasonable. Whatever suggestions given or views expressed by Pawan in the meetings were summarily rejected and the senior officer would express displeasure in the presence of others. It became a pattern of the boss's style of functioning to show him in bad light highlighting his shortcomings and humiliating him publicly. It became apparent that though there are no serious work-related problems / shortcomings, the senior officer was always on one pretext or the other and would scold and shout at him. The continuous harassment and public criticism of Pawan resulted in the loss of confidence, self-esteem and equanimity. Pawan realized that his relations with his senior officer are becoming more toxic and due to this, he perpetually tensed, anxious and stressed. His mind was occupied with negativity and caused him mental torture, anguish and agony. Eventually, it badly affected his personal and family life. He was no longer joyous, happy and contented even at home. Rather without any reason, he would lose his temper with his wife and other family members. The family environment was no longer pleasant and congenial. His wife who was always supportive of him also became a victim of his negativity and hostile behaviour. Due to harassment and humiliation suffering by him in the office, comfort and happiness virtually vanished from his life. Thus, it damaged his physical and mental health.

a) What are the options available with Pawan to cope up with the situation?

b) What approach Pawan should adopt for bringing, peace, tranquillity and a congenial environment in the office and home?

c) As an outsider, what are your suggestions for both boss and subordinate to overcome this situation and for improving the work performance, mental and emotional hygiene?

d) In the above scenario, what type of training would you suggest for officers at various levels in the government offices?

पवन पिछले दस वर्षों से राज्य सरकार में अधिकारी के पद पर कार्यरत है। नियमित स्थानांतरण के अंतर्गत उसे दूसरे विभाग में तैनात किया गया। उसने अन्य पाँच साथियों के साथ एक नए कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यालय का प्रमख एक वरिष्ठ अधिकारी था जो अपने कार्यालय की कार्यप्रणाली में निपुण था। सामान्य पूछताछ के दौरान पवन को पता चला कि वरिष्ठ अधिकारी का खुद का पारिवारिक जीवन अशांत होने के साथ-साथ वह कठोर और असंवेदनशील छवि वाला है। शुरू में लगा कि सब ठीक चल रहा है। हालांकि, कुछ समय बाद ही पवन ने महसूस किया कि उसका वरिष्ठ अधिकारी आमतौर पर उसको अपमानित करता था और कभी-कभी अविवेकी था। बैठकों में पवन जो भी सुझाव देता था उन्हें सिरे से खारिज कर दिया जाता था और दूसरों की उपस्थिति में वरिष्ठ अधिकारी नाराजगी व्यक्त करता था। यह वरिष्ठ अधिकारी के कामकाज की शैली का तरीका बन गया जिसमें उसको गलत ढंग से दिखाया जाता, उसकी कमजोरियों को उजागर किया जाता और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता था। यह स्पष्ट हो गया कि यद्यपि ये काम से संबंधित कोई गंभीर समस्या/कमियाँ नहीं थीं, लेकिन वरिष्ठ अधिकारी हमेशा किसी न किसी बहाने से उसे डाँटता और उस पर चिल्लाता। पवन के लगातार उत्पीड़न और सार्वजनिक आलोचना



unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

के परिणामस्वरूप उसके आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और समभाव को नुकसान पहुँचा। पवन ने महसूस किया कि वरिष्ठ अधिकारी के साथ उसके संबंध और अधिक विषाक्त होते जा रहे हैं तथा वह निरंतर तनावग्रस्त, चिंतित एवं दबाव महसूस करने लगा है। उसका मन नकारात्मकता से भरा हुआ था और उसे मानसिक यातना, पीड़ा और व्यथा को झेलना पड़ रहा था। आखिरकार, इसने उसके व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। घर पर भी वह अब उल्लसित, प्रसन्न और संतुष्ट नहीं रहता था, बल्कि बिना किसी कारण के वह अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपना आपा खो देता था। पारिवारिक वातावरण अब सुखद और अनुकूल नहीं रह गया था। उसकी पत्नी, जो हमेशा उसका साथ देती थी, वह भी नकारात्मकता और शत्रुतापूर्ण व्यवहार का शिकार हो गई। कार्यालय में उसके अपमान और उत्पीड़न के कारण उसके जीवन से आराम और खुशी लगभग गायब हो गई। इस प्रकार इसने सके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाया।

a) इस स्थिति से निपटने के लिए पवन के पास कौन-से विकल्प उपलब्ध हैं?

b) कार्यालय और घर में शांति, प्रशांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण लाने के लिए पवन को क्या दृष्टिकोण अपनाना चाहिए?

c) एक बाहरी व्यक्ति के रूप में वरिष्ठ अधिकारी तथा अधीनस्थ दोनों के लिए इस स्थिति से उबरने और कार्यनिष्पादन, मानसिक तथा भावात्मक स्वास्थ्य में सुधार के लिए आपके क्या सुझाव हैं?

d) उपर्युक्त परिदृश्य में, आप सरकारी कार्यालयों में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के लिए किस प्रकार के प्रशिक्षण का सुझाव देंगे?

## Case-Study: Engineer: Bogus flyover vs deadline (2013)

You are working as an Executive Engineer in the construction cell of a Municipal Corporation and are presently in-charge of the construction of a flyover. There are two Junior Engineers under you who have the responsibility of day-to-day inspection of the site and are reporting to you, while you are finally reporting to the Chief Engineer who heads the cell. While the construction is heading towards completion, the Junior Engineers have been regularly reporting that all construction is taking place as per design specifications. However, in one of your surprise inspections, you have noticed some serious deviations and lacunae which, in your opinion, are likely to affect the safety of the flyover. Rectification of these lacunae at this stage would require a substantial amount of demolition and rework which will cause a tangible loss to the contractor and will also delay completion. There is a lot of public pressure on the Corporation to get this construction completed because of heavy traffic congestion in the area. When you brought this matter to the notice of the Chief Engineer, he advised you that in his opinion it is not a very serious lapse and may be ignored. He advised for further expediting the project for completion in time. However, you are convinced that this was a serious matter which might affect public safety and should not be left unaddressed.

What will you do in such a situation? Some of the options are given below. Evaluate the merits and demerits of each of these options and finally suggest what course of action you would like to take, giving reasons.

1. Follow the advice of the Chief Engineer and go ahead.
2. Make an exhaustive report of the situation bringing out all facts and analysis along with your own viewpoints stated clearly and seek for written orders from the chief Engineer.
3. Call for explanation from the Junior Engineers and issue orders to the contractor for necessary correction within targeted time.
4. Highlight the issue so that it reaches superiors above the Chief Engineer.
5. Considering the rigid attitude of the Chief Engineer, seek transfer from the project or report sick.

आप नगरपालिका परिषद के निर्माण विभाग में अधिशासी अभियंता पद पर तैनात है और वर्तमान में एक ऊपरगामी पुल (थ्सलवअमत) के निर्माण कार्य के प्रभारी है। आपके अधीन दो कनिष्ठ अभियंता है, जो प्रतिदिन निर्माण-स्थल के निरीक्षण के उत्तरदायी है तथा आपको विवरण देते है और आप विभाग के अध्यक्ष मुख्य अभियंता को रिपोर्ट देते है। निर्माण-कार्य पूर्ण होने को है और कनिष्ठ अभियंता नियमित रूप से यह सूचित करते रहे है कि निर्माण-कार्य परिकल्पना के


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

विनिर्देशों के अनुरूप हो रहा है। लेकिन आपने अपने आकस्मिक निरीक्षण में कुछ गंभीर विसामान्यताएँ व कमियाँ पाई, जो आपके विवेकानुसार पुल की सुरक्षा को प्रभावित कर सकती है। इस स्तर पर इन कमियों को दूर करने में काफी निर्माण-कार्य को गिराना और दोबारा बनाना होगा जिससे ठेकेदार को निश्चित हानि होगी और कार्य-समाप्ति में विलम्ब भी होगा। क्षेत्र में भारी टैªफिक जैम के कारण परिषद् पर निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिए जनता का बड़ा दबाव है। जब आप स्थिति मुख्य अभियंता के संज्ञान में लाए, तो उन्होने अपने विवेकानुसार इसको बड़ा गम्भीर दोष न मानकर इसे उपेक्षित करने की सलाह दी। उन्होंने परियोजना को समय से पूरा करने हेतु कार्य को आगे बढ़ाने के लिए कही परन्तु आप आश्वस्त है कि यह गम्भीर प्रकरण है जिससे जनता की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है और इसको बिना ठीक कराए नहीं छोड़ा जा सकता।

ऐसी स्थिति में आपके करने के लिए कुछ विकल्प निम्नलिखित है। इनमें से प्रत्येक विकल्प का गुण-दोष के आधार पर मूल्यांकन कर अन्ततः सुझाव दीजिए कि आप क्या कार्यवाही करना चाहेगें और क्यों।

1. मुख्य अभियंता की सलाह मानकर आगे बढ़ जाएँ।
2. सभी तथ्यों व विश्लेषण को दिखाते हुए स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए मुख्य अभियंता से लिखित आदेश का निवेदन करें।
3. कनिष्ठ अभियंताओं से स्पष्टीकरण माँगे और ठेकेदार को निश्चित अवधि में दोष-निवारण के लिए आदेश दे।
4. इस विषय को बलपूर्वक उठाएँ ताकि यह मुख्य अभियंता के वरिष्ठजनों तक पहुँच सके।
5. मुख्य अभियंता के अनम्य विचार को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना से अपने स्थानान्तरण के लिए आवेदन करें या बीमारी की छुट्टी पर चले जाएँ।

## Case-Study: Favoritism in Job recruitment (2013)

You are heading a leading technical institute of the country. The institute is planning to convene an interview panel shortly under your chairmanship for selection of the post of professors. A few days before the interview, you get a call from the Personal Secretary (PS) of a senior government functionary seeking your intervention in favour of the selection of a close relative of the functionary for this post. The PS also informs you that he is aware of the long pending and urgent proposals of your institute for grant of funds for modernization, which are awaiting the functionary's approval. He assures you that he would get these proposals cleared.

1. What are the options available to you?
2. Evaluate each of these options and choose the option which you would adopt, giving reasons.

आप देश के एक प्रमुख तकनीकी संस्थान के अध्यक्ष हैं। संस्थान, प्रोफेसरों के पद के चयन हेतु आपकी अध्यक्षता में साक्षात्कार पैनल का आयोजन शीघ्र ही करने वाले है। साक्षात्कार से कुछ दिन पहले आपके पास एक ज्येष्ठ शासकीय अधिकारी के निजी सचिव का फोन आता है जिसमें आपसे उक्त पद के लिए उस अधिकारी के एक निकट संबंधी के पक्ष में चयन करने की अपेक्षा की जाती है। निजी सचिव यह भी बताते हैं कि आपके संस्थान के आधुनिकीकरण के लिए बहुत समय से लम्बित महत्वपूर्ण वित्तीय अनुदान के प्रस्तावों का उन्हें ज्ञान है जिनकी अधिकारी द्वारा स्वीकृति की जानी है। वे आपको उन प्रस्तावों को अनुमोदन कराने का आश्वासन देते हैं।

1. आपके पास क्या-क्या विकल्प उपलब्ध हैं?
2. प्रत्येक विकल्प का मूल्यांकन कीजिए और बताइए कि आप कौन-सा विकल्प चुनेंगे और क्यों।

## Case-Study: Sexual Harassment (2013)

You are the Executive Director of an upcoming InfoTech Company which is making a name for itself in the market.

Mr. A, who is a star performer, is heading the marketing team. In a short period of one year, he has helped in doubling the revenues as well as creating a high brand equity for the Company so much so that you are thinking of promoting him. However, you have been receiving information from many corners about his attitude towards the female colleagues; particularly his habit of making loose comments on women. In addition, he regularly sends indecent SMS's to all the team

members including his female colleagues.

One day, late in the evening, Mrs. X, who is one of Mr. A's team members, comes to you visibly disturbed. She complains against the continued misconduct of Mr. A, who has been making undesirable advances towards her and has even tried to touch her inappropriately in his cabin. She tenders her resignation and leaves your office.

1. What are the options available to you?
2. Evaluate each of these options and choose the option you would adopt, giving reasons.

आप उभरती हुई एक ऐसी सूचना तकनीकी कम्पनी के कार्यकारी निदेशक हैं जो बाजार में नाम कमा रही है। कम्पनी के नायक कर्ता, क्रय-विक्रय दल के प्रमुख श्री A हैं। एक वर्ग की अल्पावधि में उन्होंने कम्पनी के राजस्व को दुगुनी करने में योगदान दिया है और कम्पनी के शेयर को उच्च मूल्य वर्ग में स्थापित किया है, जिसके कारण आप उन्हें पदोन्नत करने पर विचार कर रहे हैं। परन्तु आपको कई स्रोतों से महिला सहयोगियों के प्रति उनके रवैये की, विशेषकर महिलाओं पर असंयत टिप्पणियाँ करने की आदत की सूचना मिल रही है। इसके अतिरिक्त वह दल के अन्य सदस्यों, जिनमें महिलाएँ भी सम्मिलित है, को नियमित रूप से अभद्र SMS भी भेजते हैं।

एक दिन देर शाम भी A के दल की एक सदस्य श्रीमती X आपके पास आती है जो बहुत परेशान दिखती है, और श्री A के सतत दुराचरण की शिकायत करती है, जो उनके प्रति अवांछनीय प्रस्ताव रखते रहते हैं और अपने कक्ष में उन्हें अनुपयुक्त रूप से स्पर्श करने की चेष्टा तक की है। वह महिला अपना त्यागपत्र देकर कार्यालय से चली जाती है।

1. आपके पास क्या-क्या विकल्प उपलब्ध हैं?
2. इनमें से प्रत्येक विकल्प का मूल्यांकन कीजिए एवं जिस विकल्प को आप चुनते हैं, उसे चुनने के कारण दीजिए।

## Case-Study: Bogus rape complaint (2014)

You are a no-nonsense, honest officer. You have been transferred to a remote district to head a department that is notorious for its inefficiency and callousness. You find that the main cause of the poor state of affairs is the indiscipline of a section of employees. They do not work themselves and also disrupt the working of others. You first warned the troublemakers to mend their ways or else face disciplinary action. When the warning had little effect, you issued a show cause notice to the ringleaders. As a retaliatory measure, these troublemakers instigated a woman employee amongst them to file a complaint of sexual harassment against you with the Women's Commission. The Commission promptly seeks your explanation. The matter is also publicized in the media to embarrass you further. Some of the options to handle this situation could be as follows :

1. Give your explanation to the Commission and go soft on the disciplinary action.
2. Ignore the Commission and proceed firmly with the disciplinary action.
3. Brief your higher-ups, seek directions from them and act accordingly.

Suggest any other possible option(s). Evaluate all of them and suggest the best course of action, giving your reasons for it.

आप अनाप-शनाप न सहने वाले, ईमानदार अधिकारी हैं। आपका तबादला एक सुदूर जिले में एक ऐसे विभाग के प्रमुख के रूप में कर दिया गया है, जो अपनी अदक्षता और संवेदनहीनता के लिए कुख्यात है। आप पाते हैं कि इस घटिया कार्य-स्थिति का मुख्य कारण कर्मचारियों के एक भाग में अनुशासनहीनता है। वे स्वयं तो कार्य करते नहीं है और दूसरों के कार्य में भी गड़बड़ी पैदा करते हैं। सबसे पहले आपने उत्पातियों को सुधर जाने की, अन्यथा अनुशासनिक कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी। जब इस चेतावनी का न के बराबर असर हुआ, तब आपने नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। इसके बदले के रूप में उन्होंने अपने बीच एक महिला कर्मचारी को आपके विरूद्ध महिला आयोग में यौन-उत्पीड़न की एक शिकायत दायर करने के लिए भड़का दिया। आयोग ने तुरन्त आपका स्पष्टीकरण मांगा।

आपको इससे आगे भी लज्जित करने के लिए मामला मीडिया में भी प्रसारित किया गया। इस स्थिति से निपटने के विकल्पों में से कुछ निम्नलिखित हो सकते हैं:


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

1. आयोग को अपना स्पष्टीकरण दे दीजिए और अनुशासनिक कार्रवाई पर नरमी बरतिए।
2. आयोग को नजरअंदाज कर दीजिए और अनुशासनिक कार्रवाई को मजबूती के साथ आगे बढाइए।
3. अपने उच्च अधिकारियों को संक्षेप में अवगत करा दीजिए, उनसे निर्देश मांगिए और उनके अनुसार कार्य कीजिए।कोई अन्य संभव विकल्प सुझाइए।

सभी का मूल्यांकन कीजिए और अपने कारण बताते हुए सबसे अच्छा विकल्प स्पष्ट कीजिए।

## Case-Study: Ethics not essential (2014)

**Suppose one of your close friends, who is also aspiring for civil services, comes to you for discussing some of the issues related to ethical conduct in public service. He raises the following points :**

1. In the present times, when unethical environment is quite prevalent, individual attempts to stick to ethical principles may cause a lot of problems in one's career. It may also cause hardship to the family members as well as risk to one's life. Why should we not be pragmatic and follow the path of least resistance, and be happy with doing whatever good we can?
2. When so many people are adopting wrong means and are grossly harming the system, what difference would it make if only a small minority tries to be ethical? They are going to be rather ineffective and are bound to get frustrated.
3. If we become fussy about ethical considerations, will it not hamper the economic progress of our country? After all, in the present age of high competition, we cannot afford to be left behind in the race of development.
4. It is understandable that we should not get involved in grossly unethical practices, but giving and accepting small gratifications and doing small favours increases everybody's motivation. It also makes the system more efficient. What is wrong in adopting such practices?

**Critically analyze the above viewpoints. On the basis of this analysis, what will be your advice to your friend?**

**मान लीजिए कि आपके निकट मित्रों में से एक, जो स्वयं सिविल सेवा में जाने के लिए प्रयत्नशील है, वह लोक-सेवा में नैतिक आचरण से संबंधित कुछ मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आपके पास आता है। वह निम्नलिखित बिन्दुओं को उठाता हैः**

1. आज के समय में, जब अनैतिक वातावरण काफी फैला हुआ है, नैतिक सिद्धांतों से चिपके रहने के व्यक्तिगत प्रयास, व्यक्ति के कैरियर में अनेक समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ये परिवार के सदस्यों पर कष्ट पैदा करने और साथ ही साथ स्वयं के जीवन पर जोख़िम का कारण भी बन सकते हैं। हम क्यों न व्यावहारिक बनें और न्यूनतम प्रतिरोध के रास्ते का अनुसरण करें, और जितना अच्छा हम कर सकें, उसे ही करके प्रसन्न रहें?
2. जब इतने अधिक लोग गलत साधनों को अपना रहे है और तंत्र को भारी नुकसान पहुंचा रहे है, तब क्या फर्क पड़ेगा यदि केवल कुछ-एक लोग ही नैतिकता की चेष्टा करे? वे अप्रभावी ही रहेंगे और निश्चित रूप से अन्ततः निराश हो सकते।
3. यदि हम नैतिक सोच-विचार के बारे में अधिक बतंगड़ बनाएंगे, तो क्या इससे देश की आर्थिक उन्नति में रूकावट नहीं आएगी? असलियत में, उच्च प्रतिस्पर्धा के वर्तमान युग में, हम विकास की दौड़ में पीछे छूट जाने को सहन नहीं कर सकते।
4. यह तो समझ आता है कि भारी अनैतिक तौर-तरीकों में हमे फंसना नहीं चाहिए, लेकिन छोटे-मोटे उपहारों को स्वीकार करना और छोटी-मोटी तरफदारियां करना सभी के अभिप्रेरण में वृद्धि कर देता है। यह तंत्र को और भी अधिक सुचारू बना देता है। ऐसे तौर-तरीकों को अपनाने में गलत क्या है?

उपरोक्त दृष्टिकोण का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। इस विश्लेषण के आधार पर अपने मित्र को आपकी क्या सलाह रहेगी।

## Case-Study: Disillusioned UPSC topper (2014)

Rameshwar successfully cleared the prestigious civil services examination and was excited about the opportunity that he would get through the civil services to serve the country. However, soon after joining the services, he realized that things are not as rosy as he had imagined.

He found a number of malpractices prevailing in the department assigned to him. For example, funds under various schemes and grants were being misappropriated. The official facilities were frequently being used for personal needs by the officers and staff. After some time, he noticed that the process of recruiting the staff was also not up to the mark. Prospective candidates were required to write an examination in which a lot of cheating was going on. Some candidates were provided external help in the examination. Rameshwar brought these incidents to the notice of his seniors. However, he was advised to keep his eyes, ears and mouth shut and ignore all these things which were taking place with the connivance of the higher-ups. Rameshwar felt highly disillusioned and uncomfortable. He comes to you seeking your advice.

Indicate various options that you think are available in this situation. How would you help him to evaluate these options and choose the most appropriate path to be adopted?

रामेश्वर ने गौरवशाली सिविल सेवा परीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर लिया और वह ऐसे सुअवसर से अभिभूत था जो सिविल सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने के लिए उसको मिलने वाला था। परन्तु, सेवा का कार्यग्रहण करने के शीघ्र बाद उसने महसूस किया कि वस्तुस्थिति उतनी सुन्दर नहीं है जितनी उसने कल्पना की थी।

उसने अपने विभाग में व्याप्त अनेक अनाचार पाए। उदाहरण के रूप में, विभिन्न योजनाओं और अनुदानों के अधीन निधियां दुर्विनियोजित की जा रही थी। सरकारी सुविधाओं का अक्सर अधिकारियों और स्टाफ द्वारा व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। कुछ समय के बाद उसने यह भी देखा कि स्टाफ को भर्ती करने की प्रक्रिया भी दोषपूर्ण थी। भावी उम्मीदवारों को एक परीक्षा लिखनी होती थी जिसमें काफी नकलबाजी चलती थी। कुछ उम्मीदवारों को परीक्षा में बाह्य सहायता भी प्रदान की जाती थी। रामेश्वर ऐसी घटनाओं को अपने वरिष्ठों की नजर में लाया। परन्तु, इस पर उसको अपनी आँखे, कान और मुख बंद रखने और इन सभी चीजो को नजरअंदाज करने की सलाह दी गई। यह बताया गया कि सब उच्चतर अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा था। इससे रामेश्वर का भ्रम टूटा और वह व्याकुल रहने लगा। वह सलाह के लिए आपके पास आता है।

ऐसे विभिन्न विकल्प सुझाइए, जो आपके विचार में, ऐसी परिस्थिति में रामेश्वर के लिए उपलब्ध हैं। इन विकल्पों का मूल्यांकन करने और सर्वाधिक उचित रास्ता अपनाने में आप उसकी किस प्रकार सहायता करेंगे?

## Case-Study: Dubious plot acquired for school (2015)

You are heading a district administration in a particular department. Your senior officer calls you from the State Headquarters and tells you that a plot in Rampur village is to have a building constructed on it for a school. A visit is scheduled during which he will visit the site along with the chief engineer and the senior architect. He wants you to check out all the papers relating to it and to ensure that the visit is properly arranged. You examine the file which relates to the period before you joined the department. The land was acquired from the local Panchayat at a nominal cost and the papers show that clearance certificates are available from the two of the three authorities who have to certify the site's suitability. There is no certification by the architect available on file. You decide to visit Rampur to ensure that all is in order as stated on file. When you visit Rampur, you find that the plot under reference is part of Thakurgarh Fort and that the walls, ramparts, etc., are running across it. The fort is well away from the main village, therefore a school here will be a serious inconvenience for the children. However, the area near the village has potential to expand into a larger residential area. The development charges on the existing plot, at the fort, will be very high and the question of heritage site has not been addressed. Moreover, the Sarpanch, at the time of acquisition of the land, was a relative of your predecessor. The whole transaction appears to have been done with some vested interest.

1. List the likely vested interests of the concerned parties.
2. Some of the options for action available to you are listed below. Discuss the merits and demerits of each of the options :



unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

a. You can await the visit of the superior officer and let him take a decision.

b. You can seek his advice in writing or on phone.

c. You can consult your predecessor/colleagues, etc., and then decide what to do.

d. You can find out if any alternate plot can be got in exchange and then send a comprehensive written report.

Can you suggest any other option with proper justification?

आप एक विशेष विभाग में जिला प्रशासन प्रशासन के शीर्षाधिकारी है। आपका वरिष्ठ अधिकारी आपको राज्य मुख्यालय से फोन करता है और आपको कहता है कि रामपुर गांव में एक भूखंड पर स्कूल के लिए एक भवन का निर्माण किया जाना है। दौरे की समयावली बना दी जाती है जिसके दौरान वह मुख्य इंजीरियर और वरिष्ठ वास्तुकार के साथ स्थल का दौरा करेगा। वह चाहता है कि आप उससे संबंधित सभी कागजातों की जांच कर लें और सुनिश्चित कर लें कि दौरे की व्यवस्था उचित रूप से की गई है। आप उस फाइल को जांचते हैं, जो आपके विभाग में कार्यभार संभालने से पूर्व की है। भूखंड को स्थानीय पंचायत से, नाममात्र की लागत पर, उपार्जित किया गया था और कागजात दर्शाते हैं कि जिन तीन प्राधिकारियों को भूखंड की उपयुक्तता का प्रमाणपत्र देना होता है, उनमें से दो के दिए हुए अनुमति प्रमाणपत्र उपलब्ध हैं। वास्तुविद् का कोई प्रमाणपत्र फाइल में उपलब्ध नहीं है। आप जैसा कि फाइल पर कहा गया है कि सब कुछ ठीक हालात में है, यह सुनिश्चित करने के लिए रामपुर जाने का निर्णय ले लेते हैं। जब आप रामपुर जाते हैं तब आप देखते हैं कि उल्लेख के अधीन भूखंड ठाकुरगढ़ किले का एक भाग है और कि दीवारें, परकोटे आदि उसके आर-पार बिछे हुए हैं। किला मुख्य गांव से काफी दूर है, इसलिए वहां पर स्कूल, बच्चों के लिए गंभीर असुविधा होगा, परंतु गांव के नजदीक के क्षेत्र के विस्तार का एक बड़े आवासीय परिसर में परिवर्तित होने की संभावना है। किले में वर्तमान भूखंड पर विकास प्रभार अत्यधिक होंगे और विरासत स्थल के प्रश्न की ओर ध्यान दिया गया है। परंतु भूखंड के अधिग्रहण के समय सरपंच आपके पूर्वाधिकारी का एक रिश्तेदार था। समस्थ कार्य-निष्पादन कुछ निहित स्वार्थ के साथ किया गया प्रतीत होता है।

1. सरोकार रखने वाले पक्षों के संभावित निहित स्वार्थों की सूची बनाइए।

2. आपको उपलब्ध कार्रवाई के कुछ विकल्प नीचे दिए गए हैं। प्रत्येक विकल्प के गुणों-अवगुणों पर चर्चा कीजिए:-

   a. आप वरिष्ठ अधिकारी के दौरे की प्रतीक्षा कर सकते हैं और उसको निर्णय करने देते हैं।

   b. आप लिखित रूप में या फोन पर उसकी सलाह ले सकते हैं।

   c. आप अपने पूर्वाधिकारी/सहकर्मियों से परामर्श कर सकते हैं और उसके बाद क्या करना है, इस बात का फैसला कर सकते हैं।

   d. आप मालूम कर सकते हैं कि क्या एवज़ में कोई भूखंड प्राप्त किया जा सकता है और फिर एक सर्वसमावेशी लिखित रिपोर्ट भेज सकते हैं।

क्या आप कोई अन्य विकल्प उचित तर्कों के साथ सुझा सकते हैं?

## Compassion for others while on job

**GSM4 Syllabus Topic:**

- Empathy, tolerance & compassion towards weaker sections.

### Case Study: Emergency Blood donation for preg woman without testing (2023)

गया है । ऐसी आशा है कि परियोजना की घोषणा होते ही उस क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र की भूमि की कीमतों में भारी उछाल आएगी। इसी बीच, संबंधित मंत्री ने आपसे आग्रह किया कि सड़क का पुन:संरेखण इस प्रकार किया जाए जिससे सड़क मंत्री के 20 एकड़ के फार्म हाउस के पास से निकले । इसके साथ ही मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि वह आपकी पत्नी के नाम, प्रस्तावित बड़ी सड़क परियोजना के आसपास एक बड़ा भूखण्ड प्रचलित दरों पर जो कि नाममात्र की हैं, क्रय करने में सहायता करेंगे । मंत्रीने आपको यह भी विश्वास दिलाने का प्रयास किया कि इसमें कोई नुकसान नहीं है क्योंकि भूमि वैधानिक रूप से खरीदी जा रही है । वह आपसे यह भी वादा करता है कि यदि आपके पास पर्याप्त धनराशि नहीं है, तो उसकी पूर्ति में भी आपकी सहायता करेगा । लेकिन सड़क के पुन:संरेखण में बहुत-सी कृषि-योग्य भूमि का अधिग्रहण करना पड़ेगा, जिससे सरकार पर काफी वित्तीय भार पड़ेगा, तथा किसान भी विस्थापित होंगे । केवल यह ही नहीं, इसके चलते बहुत सारे पेड़ों को भी कटवाना पड़ेगा, जिससे पूरे क्षेत्र का हरित आवरण समाप्त हो जाएगा । इस परिस्थिति का सामना होने पर आप क्या करेंगे ? विभिन्न प्रकार के हित-द्वन्द्वों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए तथा स्पष्ट कीजिए कि एक लोक सेवक होने के नाते आपके क्या दायित्व हैं ।

## Case-Study: Illegal Building Collapse? (2017)

A building permitted for three floors, while being extended illegally to 6 floors by a builder, collapses. As a consequence, a number of innocent labourers including women and children died. These labourers are migrants of different places. The government immediately announced cash relief to the aggrieved families and arrested the builder. Give reasons for such incidents taking place across the country. Suggest measures to prevent their occurrence.

एक मकान जिसे तीन मंज़िल बनाने की अनुमति मिली थी, उसे अवैध रूप से निर्माणकर्ता द्वारा छ: मंज़िला बनाया जा रहा था और वह ढह गया । इसके कारण कई निर्दोष मज़दूर जिनमें महिलाएँ व बच्चे भी शामिल थे, मारे गए । ये सब मज़दूर भिन्न-भिन्न स्थानों से आए हुए थे । सरकार द्वारा तुरंत मृतक परिवारों को नकद-मुआवज़ा घोषित किया गया और निर्माणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया । देश में होने वाली इस प्रकार की घटनाओं के कारण बताइए । इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के उपाय सुझाएं।

## Case-Study: Opinion as Honest Officer (2017)

You are an honest and responsible civil servant. You often observe the following:

1. There is a general perception that adhering to ethical conduct one may face difficulties to oneself and cause problems for the family, whereas unfair practices may help to reach the career goals.
2. When the number of people adopting unfair means is large, a small minority having a penchant towards ethical means makes no difference.
3. Sticking to ethical means is detrimental to the larger developmental goals
4. While one may not involve oneself in large unethical practices, but giving and accepting small gifts makes the system more efficient.
5. Examine the above statements with their merits and demerits.

आप एक ईमानदार और ज़िम्मेदार सिविल सेवक हैं । आप प्राय: निम्नलिखित को प्रेक्षित करते हैं :

1. एक सामान्य धारणा है कि नैतिक आचरण का पालन करने से स्वयं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है और परिवार के लिए भी समस्याएँ पैदा हो सकती हैं, जबकि अनुचित आचरण जीविका लक्ष्यों तक पहुँचने में सहायक हो सकता है ।
2. जब अनुचित साधनों को अपनाने वाले लोगों की संख्या बड़ी होती है, तो नैतिक साधन अपनाने वाले अल्पसंख्यक लोगों से कोई फर्क नहीं पड़ता।
3. नैतिक तरीकों का पालन करना बृहत् विकासात्मक लक्ष्यों के लिए हानिकारक है ।
4. चाहे कोई बड़े अनैतिक आचरण में सम्मिलित न हो, लेकिन छोटे-मोटे उपहारों का आदान-प्रदान प्रणाली को अधिक कुशल बनाता है। उपर्युक्त कथनों की, उनके गुणों और दोषों सहित जाँच कीजिए ।



unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

## Case-Study: "Shivaji-the Boss": Movie Plot (2016)

Saraswati was a successful IT professional in USA. Moved by the patriotic sense of doing something for the country she returned to India. Together with some other like-minded friends, she formed an NGO to build a school for a poor rural community.

The objective of the school was to provide the best quality modern education at a nominal cost. She soon discovered that she has to seek permission from a number of Governments agencies. The rules and procedures were quite confusing and cumbersome. What frustrated her most was the delays, callous attitude of officials and constant demand of bribes. Her experience and the experience of many others like her has deterred people from taking up social service projects.

A measure of Government control over voluntary social work is necessary. But it should not be exercised in a coercive or corrupt manner. What measures can you suggest to ensure that due control is exercised but well meaning, honest NGO efforts are not thwarted?

सरस्वती यू.एस.ए. में सूचना प्रौद्योगिकी की एक सफल पेशेवर थी । अपने देश के लिए कुछ करने की राष्ट्र-भावना से प्रेरित होकर वह वापस भारत आई । उसने गरीब ग्रामीण समुदाय के लिए एक पाठशाला निर्माण के लिए एक-जैसे विचारों वाले कुछ मित्रों के साथ मिलकर एक गैर-सरकारी संगठन बनाया ।

पाठशाला का लक्ष्य नाममात्र की लागत पर उच्च स्तरीय आधुनिक शिक्षा प्रदान करना था । उसने जल्दी ही पाया कि उसे कई सरकारी ऐजेन्सियों से अनुमति लेनी होगी । नियम एवं प्रक्रियाएँ काफी अस्पष्ट एवं जटिल थीं। अनावश्यक देरियों, अधिकारियों की कठोर प्रवृत्ति एवं घूस की लगातार माँग से वह सबसे ज़्यादा हतोत्साहित हुई । उसके एवं उस जैसे दूसरों के अनुभव ने लोगों को सामाजिक सेवा परियोजनाओं को लेने से रोका हुआ है।

स्वैच्छिक सामाजिक कार्य पर सरकारी नियन्त्रण के उपाय आवश्यक हैं । परन्तु इन्हें बाध्यकारी या भ्रष्टरूप में प्रयोग में नहीं लिया जाना चाहिए । आप क्या उपाय यह सुनिश्चित करने के लिए सुझाएँगे कि जिससे आवश्यक नियन्त्रण के साथ नेक इरादों वाले ईमानदार गैर-सरकारी संगठन के प्रयासों में बाधा नहीं आए ?

## Public Organisation-RTI / Transparency

**GSM4 Syllabus Topic:** Information (Sharing & Transparency in government); RTI;

1. There is a view that the official secrets act is an obstacle to the implementation of the Rights to Information act. Do you agree with the view? Discuss. (एक विचार यह है कि शासकीय गुप्त बात अधिनियम सूचना के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में एक बाधा है। क्या आप इस विचार से सहमत हैं ? विवेचना कीजिए।) 2019
2. "The Right to Information Act is not all about citizens' empowerment alone, it essentially redefines the concept of accountability. Discuss. ("सूचना का अधिकार अधिनियम केवल नागरिकों के सशक्तिकरण के बारे में ही नहीं है, अपितु यह आवश्यक रूप से जवाबदेही की संकल्पना को पुन:परिभाषित करता है ।" विवेचना कीजिए।) 2018
3. Some recent developments such as introduction of RTI Act, media and judicial activism, etc., are proving helpful in bringing about greater transparency and accountability in the functioning of the government. However, it is also being observed that at times the mechanisms are misused. Another negative effect is that the officers are now afraid to take prompt decisions. Analyze this situation in detail and suggest how this dichotomy can be resolved. Suggest how these negative impacts can be minimized. (हाल में हुई कुछ प्रगतियाँ, जैसे कि सूचना का अधिकार (आर.टी.आई.) अधिनियम, मीडिया और न्यायिक सक्रियता इत्यादि, सरकार के कार्यों में पहले से अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने में सहायक साबित हो रही हैं। फिर भी, यह भी देखा जा रहा है कि कभी-कभार इन साधनों का दुरुपयोग किया जाता है। एक अन्य नकारात्मक प्रभाव यह है कि अधिकारीगण अब शीघ्र निर्णय लेने से डरते हैं। इस स्थिति का विस्तारपूर्व विश्लेषण कीजिए और सुझाइए कि इस द्विभाजन का हल किस प्रकार निकाला जा सकता है। सुझाइए कि इन नकारात्मक प्रभावों को किस प्रकार न्यूनतमीकृत किया जा सकता है।) 2015
4. Today we find that in spite of various measures like prescribing codes of conduct, setting up vigilance cells/commissions, RTI, active media and strengthening of legal mechanisms, corrupt practices are not coming under control. a) Evaluate the effectiveness of these measures with


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

justifications. b) Suggest more effective strategies to tackle this menace. (आज हम यह देखते हैं कि आचार संहिताओं के निर्धारण, सतर्कता सेलों/आयोगों की स्थापना, आर.टी.आई., सक्रिय मीडिया और विधिक यांत्रिक्तवों के प्रबलन जैसे विभिन्न उपायों के बावजूद भ्रष्टाचारपूर्ण कर्म नियंत्राण के अधीन नहीं आ रहे हैं। a) इन उपायों की प्रभावशीलता का औचित्य बताते हुए मूल्यांकन कीजिए। b) इस खतरे का मुकाबला करने के लिए और अधिक प्रभावी रणनीतियाँ सुझाइए।) 2015

## Case-Study: Snowden's Whistleblowing: Right / Wrong? (2018)

Edward Snowden, a computer expert and former CIA administrator, released confidential Government documents to the press about the existence of Government surveillance programmes. According to many legal experts and the US Government, his action violated the Espionage act of 1971, which identified the leak of State secret as an act of treason. Yet, despite the fact that he broke the law, Snowden argued that he had a moral obligation to act. He gave a justification for his "whistle blowing" by stating that he had a duty "to inform the public as to that which is done in there name and that which is done against them." According to Snowden, the Government's violation of privacy had to be exposed regardless of legality since more substantive issues of social action and public morality were involved here. Many agreed with Snowden. Few argued that he broke the law and compromised national security, for which he should be held accountable.

Do you agree that Snowden's actions were ethically justified even if legally prohibited? Why or why not? Make an argument by weighing the competing values in this case.

एडवर्ड स्नोडन, एक कंप्यूटर विशेषज्ञ तथा सी.आई.ए. के पूर्व व्यवस्था प्रशासक, ने सरकार के निगरानी कार्यक्रमों के अस्तित्व के बारे में गोपनीय सरकारी दस्तावेज़ों का खुलासा प्रेस को कर दिया । अनेक विधि विशेषज्ञों और अमेरिकी सरकार के अनुसार, उसके इस कार्य से गुप्तचर्या अधिनियम 1917 का उल्लंघन हुआ है, जिसके अंतर्गत राज्य गुप्त बातों का सार्वजनीकरण राजद्रोह माना जाता है। इसके बावजूद कि स्नोडन ने कानून तोड़ा था, उसने तर्क दिया कि ऐसा करना उसका एक नैतिक दायित्व था । उसने अपने "जानकारी सार्वजनिक करने को (व्हिसल ब्लोइंग)" यह कह कर उचित ठहराया कि "जनता को यह सूचना देना कि उसके नाम पर क्या किया जाता है और उसके विरुद्ध क्या किया जाता है", बताना उसका कर्तव्य है। स्नोडन के अनुसार, सरकार द्वारा निजता के उल्लंघन को वैधानिकता की परवाह किए बिना उसको उजागर करना चाहिए क्योंकि इसमें सामाजिक क्रिया तथा सार्वजनिक नैतिकता के अधिक महत्त्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं । अनेक व्यक्ति स्नोडन से सहमत थे । केवल कुछ ने यह तर्क दिए कि स्नोडन ने कानून तोड़ा है और राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता किया है, जिसके लिए उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए ।

क्या आप इससे सहमत हैं कि स्नोडन का कार्य कानूनी रूप से प्रतिबंधित होते हुए भी नैतिकता की दृष्टि से उचित था ? क्यों या क्यों नहीं ? इस विषय में परस्पर स्पर्धी मूल्यों को तोलते हुए अपना तर्क दीजिए ।

## Case-Study: PIO should do RTI Stonewalling™ (2017)

You are a Public Information Officer (PIO) in a government department. You are aware that the RTI Act 2005 envisages transparency and accountability in administration. The act has functioned as a check on the supposedly arbitrarily administrative behaviour and actions. However, as a PIO you have observed that there are citizens who filed RTI applications not for themselves but on behalf of such stakeholders who purportedly want to have access to information to further their own interests. At the same time there are these RTI activists who routinely file RTI applications and attempt to extort money from the decision makers. This type of RTI activism has affected the functioning of the administration adversely and also possibly jeopardises the genuineness of the applications which are essentially aimed at getting justice. What measures would you suggest to separate genuine and non-genuine applications? Give merits and demerits of your suggestions.

आप एक सरकारी विभाग में सार्वजनिक जनसूचना अधिकारी (पी.आई.ओ.) हैं । आप जानते हैं कि 2005 का आर.टी.आई. अधिनियम प्रशासनिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही की परिकल्पना करता है । अधिनियम आमतौर पर कदाचित मनमाना प्रशासनिक व्यवहार एवं कार्यों पर रोक लगाने में कार्यरत है । किन्तु एक


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

पी.आई.ओ. के स्वरूप में आपने देखा है कि कुछ ऐसे नागरिक हैं जो अपने लिए याचिका फाइल करने के बजाय दूसरे हितधारकों के लिए याचिका फाइल करते हैं और इसके द्वारा अपने स्वार्थ को आगे करते हैं । साथ-साथ ऐसे आर.टी.आई. भरने वाले कुछ लोग भी हैं जो नियमित रूप से आर.टी.आई. याचिकाएँ भरते रहते हैं और निर्णयकर्ताओं से पैसा निकलवाने का प्रयास करते हैं । इस प्रकार की आर.टी.आई. गतिविधियों ने प्रशासन के कार्यकलापों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है और सम्भवत: विशुद्ध याचिकाओं को जोखिम में डाल दिया है जिनका लक्ष्य न्याय प्राप्त करना है। वास्तविक और अवास्तविक याचिकाओं को अलग करने के लिए आप क्या उपाय सुझाएँगे ? अपने सुझावों के गुणों और दोषों का वर्णन कीजिए ।

## Case-study: RTI: To Hide or Not to Hide (2013)

In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow:

A Public Information Officer has received an application under RTI Act. Having gathered the information, the PIO discovers that the information pertains to some of the decisions taken by him, which were found to be not altogether right. There were other employees also who party to these decisions were. Disclosure of the information is likely to lead to disciplinary action with possibility of punishment against him as well as some of his colleagues. Non-disclosure or part disclosure or camouflaged disclosure of information will result into lesser punishment or no punishment.

The PIO is otherwise an honest and conscientious person but this particular decision, on which the RTI application has been filed, turned out to be wrong. He comes to you for advice.

The following are some suggested options. Please evaluate the merits and demerits of each of the options:

1. The PIO could refer the matter to his superior officer and seek his advice and act strictly in accordance with the advice, even though he is not completely in agreement with the advice of the superior.
2. The PIO could proceed on leave and leave the matter to be dealt by his successor in office or request for transfer of the application to another PIO.
3. The PIO could weigh the consequences of disclosing the information truthfully, including the effect on his career, and reply in a manner that would not place him or his career in jeopardy, but at the same time a little compromise can be made on the contents of the information.
4. The PIO could consult his other colleagues who are party to the decision and take action as per their advice.

Also please indicate (without necessarily restricting to the above options) what you would like to advise, giving proper reasons.

एक जन सूचना अधिकार (PIO) को सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम के अंतर्गत एक आवेदन मिलता है। सूचना एकत्र करने के बाद उसे पता चलता है कि वह सूचना स्वयं उसी के द्वारा लिए गए कुछ निर्णयों से सम्बन्धित है, जो पूर्णरूप से सही नहीं थे। इन निर्णयों में अन्य कर्मचारी भी सहभागी थे। सूचना प्रकट होने पर स्वयं उसके तथा उसके अन्य मित्रें के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही हो सकती है, जिसमें दंड भी संभावित है। सूचना प्रकट न करने या आंशिक या छद्मावरित सूचना उपलब्ध कराने पर कम दंड या दंड-मुक्ति भी मिल सकती है।

PIO अन्यथा एक ईमानदार व कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति है पर यह विशिष्ट निर्णय, जिसके सम्बन्ध में RTI आवेदन दिया गया है, गलत निकला। वह अधिकारी आपके पास सलाह के लिए आया है।

नीचे सुझावों के कुछ विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक विकल्प का गुण-दोष के आधार पर मूल्यांकन कीजिए।

1. PIO इस मामले को अपने ज्येष्ठ अधिकारी को उसकी सलाह के लिए संदर्भित करे और कड़ाई से उसी के अनुसार कार्यवाही करे चाहे वह स्वयं उस सलाह से पूर्णतया सहमत न हो।
2. PIO छुट्टी पर चला जाए और मामले को अपने उत्तराधिकारी (कार्यालय में) पर छोड़ दे या सूचना आवेदन को किसी अन्य PIO को स्थानान्तरण का


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

निवेदन करे।

3. PIO सच्चाई के साथ सूचना प्रकट करने व अपनी जीविका पर उसके प्रभाव पर मनन करके इस भाँति उत्तर दे जिससे वह या उसकी जीविका पर जोख़िम न आए पर साथ ही सूचना की अन्तर्वस्तु पर कुछ समझौता किया जा सकता है।
4. PIO उन सहयोगियों, जो इस निर्णय को लेने में सहभागी थे, से परामर्श करे और उनकी सलाह के अनुरूप कार्यवाही करे।

अनिवार्य रूप से केवल उपरोक्त विकल्पों तक सीमित न रखते हुए आप अपनी सलाह दीजिए और उसके उचित कारण भी बताइए।

## Case-Study: 5: Leaking Information (2013)

As a senior officer in the Finance Ministry, you have access to some confidential and crucial information about policy decisions that the Government is about to announce. These decisions are likely to have far-reaching impact on the housing and construction industry. If the builders have access to this information beforehand, they can make huge profits. One of the builders has done a lot of quality work for the Government and is known to be close to your immediate superior, who asks you to disclose this information to the said builder.

1. What are the options available to you?
2. Evaluate each of these options and choose the option which you would adopt, giving reasons.

वित्त मंत्रलय में एक वरीय अधिकारी होने के नाते, सरकार द्वारा घोषित किए जाने वाले कुछ नीतिगत निर्णयों की गोपनीय एवं महत्त्वपूर्ण सूचना की आपको जानकारी मिलती है। इन निर्णयों के भवन एवं निर्माण उद्योग पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। यदि भवन निर्माताओं को पहले ही जानकारी मिल जाती है, तो वे उससे बड़े लाभ उठा सकते है। निर्माताओं में से एक ऐसा है जिसने सरकार के लिए अच्छी गुणवत्ता का काफी काम किया है। और वह आपके आसन्न वरिष्ठ अधिकारी का घनिष्ठ है जिन्होंने आपको उक्त सूचना का उस निर्माता को अनावृत्त करने के लिए संकेत भी दिया है।

1. आपके पास क्या-क्या विकल्प उपलब्ध है?
2. प्रत्येक विकल्प का मुल्यांकन करके बताईये कि आप कौन सा विकल्प चुनेंगे। उसके कारण भी बताइये।






unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

# 7 International Relations (IR)

**GSM4 Syllabus Topic:**

- Ethical issues in International relations and funding.

1. International aid'is an accepted form of helping 'resource-challenged' nations. Comment on 'ethics in contemporary international aid'. Support your answer with suitable examples. संसाधन के अभाव से ग्रस्त 'राष्ट्रों की मदद के लिए 'अंतरराष्ट्रीय सहायता' एक स्वीकृत व्यवस्था है। 'समसामयिक अंतरराष्ट्रीय सहायता में नैतिकता' पर टिप्पणी कीजिए । अपने उत्तर को उचित उदाहरणों द्वारा पुष्ट कीजिए। 2023
2. (a) Russia and Ukraine war has been going on for the last seven months. Different countries have taken independent stands and actions keeping in view their own national interests. We are all aware that war has its own impact on the different aspects of society, including human tragedy. What are those ethical issues that are crucial to be considered while launching the war and its continuation so far? Illustrate with justification the ethical issues involved in the given state of affair. (a) रूस और यूक्रेन का युद्ध पिछले सात महीने से चल रहा है। विभिन्न देशों ने अपने-अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए स्टैंड लिया है और कार्यवाही की है । हम सभी जानते हैं कि मानव त्रासदी सहित समाज के विभिन्न पहलुओं पर युद्ध का अपना प्रभाव है। वे कौन से नैतिक मुद्दे हैं जिन पर युद्ध शुरू करते समय और अब तक जारी रहने के दौरान विचार करने के लिए महत्वपूर्ण हैं? दी गई स्थिति में शामिल नैतिक मुद्दों को औचित्य सहित स्पष्ट करें। 2022
3. "Refugees should not be turned back to the country where they would face prosecution or human rights violation." Examine the statement with reference to the ethical dimension being violated by the nation claiming to be democratic with an open society. ("शरणार्थियों को उस देश में वापस नहीं लौटाया जाना चाहिए जहाँ उन्हें उत्पीड़न अथवा मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना करना पड़ेगा।" खुले समाज और लोकतांत्रिक होने का दावा करने वाले किसी राष्ट्र के द्वारा नैतिक आयाम के उल्लंघन के संदर्भ में इस कथन का परीक्षण कीजिए।) 2021
4. Discuss the role of ethics and values in enhancing the following three major components of Comprehensive National Power (CNP) viz. human capital, soft power (culture and policies), and social harmony. (व्यापक राष्ट्रीय शक्ति (सी.एन.पी.) के तीन मुख्य घटकों जैसे मानवीय पूँजी, मृदु शक्ति (संस्कृति और नीतियां) तथा सामाजिक सद्भाव की अभिवृद्धि में नीति-शास्त्र और मूल्यों की भूमिका का विवेचन कीजिए।) 2020
5. 'The will to power exits, but it can be tamed and be guided by rationality and principles of moral duty.' Examine this statement in the context of international relations. ('शक्ति की इच्छा विद्यमान है, लेकिन विवेकशीलता और नैतिक कर्त्तव्य के सिद्धांतों से उसे साधित और निर्देशित किया जा सकता है।' अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के संदर्भ में इस कथन का परीक्षण कीजिए।) 2020
6. Strength, peace and security are considered to be the pillars of international relations. Elucidate. (शक्ति, शांति एवं सुरक्षा अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के आधार माने जाते हैं । स्पष्ट कीजिए।) 2017
7. At the International level, the bilateral relations between most nations are governed on the policy of promoting one's own national interest without any regard for the interest of other nations. This leads to conflicts and tensions between the nations. How can ethical consideration help resolve such tensions? Discuss with specific examples. (अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, अधिकांश राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय संबंध, अन्य राष्ट्रों के हितों का सम्मान किए बिना स्वयं के राष्ट्रीय हित की प्रोन्नति करने की नीति के द्वारा नियंत्रित होते हैं। इससे राष्ट्रों के बीच द्वंद्व और तनाव उत्पन्न होते हैं। ऐसे तनावों के समाधान में नैतिक विचार किस प्रकार सहायक हो सकते हैं? विशिष्ट उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए।) 2015


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

## Case Study: IR-Defends Export to Friendly Countries (2020)

The Chairman of Bharat Missiles Ltd (BML) was watching a program on TV wherein the Prime Minister was addressing the nation on the necessity of developing a self-reliant India. He subconsciously nodded in agreement and smiled to himself as he mentally reviewed BML's journey in the past two decades. BML had admirably progressed from producing first-generation anti-tank guided missiles (ATGMs) to designing and producing state of the art ATGM weapon systems that would be the envy of any army. He sighed in reconciliation with his assumptions that the government would probably not alter the status quo of a ban on the export of military weaponry.

To his surprise, the very next day he got a telephone call from the Director-General, Ministry of Defence, asking him to discuss the modalities of increasing BML production of ATGMs as there is a probability of exporting the same to a friendly country. The Director-General wanted the Chairman to discuss the details with his staff in Delhi next week.

Two days later, at a press conference, the Defence Minister stated that he aims to double the current weapons export levels within five years. This would give an impetus to financing the development and manufacturing of indigenous weapons in the country. He also stated that all indigenous arms manufacturing nations have a very good record of the international arms trade.

As the Chairman of BML, what are your views on the following points:

1. As an arms exporter of a responsible nation like India, what are the ethical issues involved in arms trade?
2. List five ethical factors that would influence the decision to sell arms to foreign governments.

भारत मिसाईल लिमिटेड (बी.एम.एल.) के अध्यक्ष टीवी पर एक कार्यक्रम देख रहे थे जिसमें प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत के विकास की आवश्यकता पर राष्ट्र को सम्बोधित कर रहे थे। अवचेतन रूप में उन्होंने हामी भरी और मन ही मन मुस्कुराते हुए बी.एम.एल. की विगत दो दशकों की यात्रा की मानसिक पुनर्समीक्षा की। प्रथम पीढी (फर्स्ट जेनरेशन) की एण्टी-टैंक गाईडड मिसाईल (ए.टी.जी.एम.) के उत्पादन में प्रशंसनीय रूप से आगे बढ़ कर बी.एम.एल. अब अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित ए.टी.जी.एम. हथियार प्रणालियों के डिजाइन और उनका उत्पादन कर रहा था जो विश्व की किसी भी सेना के लिए ईर्ष्या का कारण होगें । आह भरते हुए उन्होंने अपनी इस पूर्वधारणा के साथ समझौता किया कि संभवतया सरकार सैनिक हथियारों के निर्यात पर प्रतिबंध की यथास्थिति को नहीं बदलेगी।

उन्हें आश्चर्य हुआ कि अगले ही दिन महानिदेशक, रक्षा मंत्रालय से बी.एम.एल. द्वारा ए.टी.जी.एम. के उत्पादन में वृद्धि करने की रीतियों पर चर्चा करने के लिए उन्हें फोन आया क्योंकि संभावना है कि एक मित्र विदेशी देश को उनका निर्यात किया जा सकता है । महानिदेशक चाहते थे कि अध्यक्ष अगले सप्ताह दिल्ली में उनके अधिकारियों से वि्तृत चर्चा करें ।

दो दिन बाद, एक संवाददाता सम्मेलन में, रक्षामंत्री ने कहा कि अगले पाँच वर्षों में वे वर्तमान हथियार निर्यात स्तरों को दो-गुना करने का ध्येय रखते हैं। यह देशज हथियारों के विकास और निर्माण के वित्तपोषण को प्रोत्साहन देगा । उन्होंने यह भी कहा कि सभी देशज हथियार निर्माता राष्ट्रों का अंतर्राष्ट्रीय हथियार व्यापार में बड़ा अच्छा रिकॉर्ड है।

बी.एम.एल. के अध्यक्ष के रूप में निम्नलिखित बिंदुओं पर आपके क्या विचार हैं :

1. हथियार निर्यातक के रूप में भारत जैसे उत्तरदायी देश के हथियार व्यापार में नीतिपरक मुद्दे क्या हैं ?
2. विदेशी सरकारों को हथियारों के विक्रय संबंधी निर्णय को प्रभावित करने वाले पाँच नीतिपरक कारकों को सूचीबद्ध कीजिए ।



unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

# 8 Private Organizations and CSR

**GSM4 Syllabus Topic:**

- Corporate Governance.
- Ethical concerns and dilemmas in government & private institutions.

1. (b) In contemporary world, corporate sector's contribution in generating wealth and employment is increasing. In doing so, they are bringing in unprecedented onslaught on the climate, environmental sustainability and living conditions of human beings. In this background, do you Responsibility (CSR) is efficient and sufficient enough to fulfill the social roles and responsibilities needed in the corporate work mandated? Critically examine. (b) समकालीन दुनिया में, धन और रोजगार पैदा करने में कॉर्पोरेट क्षेत्र का योगदान बढ़ रहा है। ऐसा करके, वे जलवायु, पर्यावरणीय स्थिरता और मनुष्यों के रहने की स्थिति पर अभूतपूर्व हमले कर रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में, क्या आप उत्तरदायित्व (सीएसआर) कॉर्पोरेट कार्य में आवश्यक सामाजिक भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए कुशल और पर्याप्त हैं? विश्लेषणात्मक परिक्षण कीजिये। 2022
2. (a) Whistle blower, who reports corruption and illegal activities, wrongdoing and misconduct to the concerned authorities, runs the risk of being exposed to grave danger, physical harm and victimization by the vested interests, accused persons and his team. What policy measures would you suggest to strengthen protection mechanism to safeguard the whistle blower? (a) व्हिसल ब्लोअर, जो संबंधित अधिकारियों को भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों, गलत कामों और कदाचार की रिपोर्ट करता है, निहित स्वार्थों, आरोपी व्यक्तियों और उनकी टीम द्वारा गंभीर खतरे, शारीरिक नुकसान और पीड़ित होने का जोखिम उठाता है। व्हिसल ब्लोअर की सुरक्षा के लिए सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए आप किन नीतिगत उपायों का सुझाव देंगे? 2022
3. Corporate social responsibility makes companies more profitable and sustainable. Analyse. (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कम्पनियों को अधिक लाभदायक तथा चिरस्थायी बनाता है । विश्लेषण कीजिए।) 2017
4. Increased national wealth did not result in equitable distribution of its benefits. It has created only some "enclaves of modernity and prosperity for a small minority at the cost of the majority." Justify. (वर्धित राष्ट्रीय संपत्ति के लाभों का न्यायोचित वितरण नहीं हो सका है । इसने "बहुमत के नुकसान पर केवल छोटी अल्पसंख्या के लिए ही आधुनिकता और वैभव के एन्क्लेव" बनाए हैं । इसका औचित्य सिद्ध कीजिए।) 2017

Case studies have been asked from this topic, rather than direct questions. Theme is usually bribing, displacement, environmental degradation.

## Case Study: Rejected Consignment (2022)

You have done MBA from a reputed institution three years back but could not get campus placement due to COVID-19 generated recession. However, after a lot of persuasion and series of competitive tests including written and interview, you managed to get a job in a leading shoe company. You have ageur parents who are dependent and staying with you. You also recently got married after getting this decent job. You were allotted the Inspection Section which is responsible for clearing the final product. In first one year, you learnt your job well and was appreciated for your performance by the management. The company is doing good business for last five years in domestic market and this year it is decided even to export to Europe and Gulf countries. However, one large consignment to Europe was rejected by their Inspecting Team due to certain


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

poor quality and was sent back. The top management ordered that ibid consignment to be cleared for the domestic market. As a part of Inspecting Team, you observed the glaring poor quality and brought to the knowledge of the Team Commander. However, the top management advised all the members of the team to overlook these defects as the management cannot bear such a huge loss. Rest of the team members except you promptly signed and cleared the consignment for domestic market, overlooking glaring defects. You again brought to the knowledge of the Team Commander that such consignment, if cleared even for domestic market, will tarnish the image and reputation of the company and will be counter-productive in the long run. However, you were further advised by the top management that if you do not clear the consignment, the company will not hesitate to terminate your services citing certain innocuous reasons.

1. Under the given conditions, what are the options available to you as a member of the Inspecting Team?
2. Critically evaluate each of the options listed by you.
3. What option would you adopt and why?
4. What are the ethical dilemmas being faced by you?
5. What can be the consequences of overlooking the observations raised by the Inspecting Team?

आपने तीन साल पहले एक प्रतिष्ठित संस्थान से एम.बी.ए. किया है लेकिन कोविड-19 उत्पन्न मंदी के कारण कैंपस प्लेसमेंट नहीं कर सके। हालाँकि, लिखित और साक्षात्कार सहित बहुत सारे अनुनय और प्रतियोगी परीक्षाओं की श्रृंखला के बाद, आप एक प्रमुख जूता कंपनी में नौकरी पाने में सफल रहे। आपके वृद्ध माता-पिता हैं जो आश्रित हैं और आपके साथ रह रहे हैं। आपने भी हाल ही में यह अच्छी नौकरी पाकर शादी की है। आपको निरीक्षण अनुभाग आवंटित किया गया था जो अंतिम उत्पाद को मंजूरी देने के लिए जिम्मेदार है। पहले एक साल में, आपने अपना काम अच्छी तरह से सीखा और प्रबंधन द्वारा आपके प्रदर्शन की सराहना की गई। कंपनी घरेलू बाजार में पिछले पांच साल से अच्छा कारोबार कर रही है और इस साल यूरोप और खाड़ी देशों को भी निर्यात करने का फैसला किया गया है। हालांकि, यूरोप के लिए एक बड़ी खेप कुछ खराब गुणवत्ता के कारण उनकी निरीक्षण टीम द्वारा अस्वीकार कर दी गई थी और उन्हें वापस भेज दिया गया था। शीर्ष प्रबंधन ने आदेश दिया कि घरेलू बाजार के लिए पूर्वोक्त खेप को मंजूरी दी जाए। निरीक्षण दल के एक भाग के रूप में, आपने स्पष्ट रूप से खराब गुणवत्ता देखी और टीम कमांडर के ज्ञान में लाया। हालांकि, शीर्ष प्रबंधन ने टीम के सभी सदस्यों को इन दोषों को नजरअंदाज करने की सलाह दी क्योंकि प्रबंधन इतना बड़ा नुकसान नहीं उठा सकता। आपके अलावा टीम के बाकी सदस्यों ने स्पष्ट दोषों को देखते हुए घरेलू बाजार के लिए खेप पर तुरंत हस्ताक्षर किए और मंजूरी दे दी। आपने फिर से टीम कमांडर के ज्ञान में लाया कि इस तरह की खेप, अगर घरेलू बाजार के लिए भी मंजूरी दे दी जाती है, तो कंपनी की छवि और प्रतिष्ठा को खराब कर देगा और लंबे समय में प्रतिकूल होगा। हालाँकि, आपको शीर्ष प्रबंधन द्वारा आगे सलाह दी गई थी कि यदि आप खेप को मंजूरी नहीं देते हैं, तो कंपनी कुछ सहज कारणों का हवाला देते हुए आपकी सेवाओं को समाप्त करने में संकोच नहीं करेगी।

1. दी गई शर्तों के तहत, निरीक्षण दल के सदस्य के रूप में आपके लिए क्या विकल्प उपलब्ध हैं?
2. आपके द्वारा सूचीबद्ध विकल्पों में से प्रत्येक का समालोचनात्मक मूल्यांकन करें।
3. आप कौन सा विकल्प अपनाएंगे और क्यों?
4. आप किन नैतिक दुविधाओं का सामना कर रहे हैं?
5. निरीक्षण दल द्वारा उठाए गए अवलोकनों को नजरअंदाज करने के क्या परिणाम हो सकते हैं?

## Case Study: Mir Jafar Recruitment (2022)

Prabhat was working as Vice President (Marketing) at Sterling Electric Ltd., a reputed multinational company. But presently the company was passing through the difficult times as the sales were continuously showing downward trend in the last two quarters. His division, which hitherto had been a major revenue contributor to the company's financial health, was now desperately trying to procure some big government order for them. But their best efforts did not yield any positive success or breakthrough.

His was a professional company and his local bosses were under pressure from their London-based



unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

HO to show some positive results. In the last performance review meeting taken by the Executive Director (India Head), he was reprimanded for his poor performance. He assured them that his division is working on a special contract from the Ministry of Defence for a secret installation near Gwalior and tender is being submitted shortly.

He was under extreme pressure and he was deeply perturbed. What aggravated the situation further was a warning from the top that if the deal is not clinched in favour of the company, his division might have to be closed and he may have to quit his lucrative job.

There was another dimension which was causing him deep mental torture and agony. This pertained to his personal precarious financial health. He was a single earner in the family with two school-college going children and his old ailing mother. The heavy expenditure on education and medical was causing a big strain to his monthly pay packet. Regular EMI for housing loan taken from bank unavoidable and any default would render him liable for severe legal action.

In the above backdrop, he was hoping for some miracle to happen. There was sudden turn of events. His Secretary informed that a gentleman Subhas Verma wanted to see him as he was interested in the position of Manager which was to be filled by him in the company. He further brought to his notice that his CV has been received through the office of the Minister of Defence.

During interview of the candidate-Subhash Verma, he found him technically sound, resourceful and experienced marketeer. He seemed to be well-conversant with tendering procedures and having knack of follow-up and liaising in this regard Prabhat felt that he was better choice than the rest of the candidates who were recently interviewed by him in the last few days.

Subhash Verma also indicated that he was in possession of the copies of the bid documents that the Unique Electronics Ltd. would be submitting the next day to the Defence Ministry for their tender. He offered to hand over those documents subject to his employment in the company on suitable terms and conditions. He made it clear that in the process, the Sterling Electric Ltd. could outbid their rival company and get the bid and hefty Defence Ministry order. He indicated that it will be win-win situation for both-him and the company.

Prabhat was absolutely stunned. It was a mixed feeling of shock and thrill. He was uncomfortable and perspiring. If accepted, all his problems would vanish instantly and he may be rewarded for securing the much awaited tender and thereby boosting company's sales and financial health. He was in a fix as to the future course of action. He was wonder-struck at the guts of Subhash Verma in having surreptitiously removing his own company papers and offering to the rival company for a job. Being an experienced person, he was examining the pros and cons of the proposal/situation and he asked him to come the next day.

1. Discuss the ethical issues involved in the case.
2. Critically examine the options available to Prabhat in the above situation.
3. Which of the above would be the most appropriate for Prabhat and why?

प्रभात एक प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी स्टर्लिंग इलेक्ट्रिक लिमिटेड में उपाध्यक्ष (विपणन) के रूप में कार्यरत थे। लेकिन वर्तमान में कंपनी मुश्किल दौर से गुजर रही थी क्योंकि पिछली दो तिमाहियों में बिक्री में लगातार गिरावट का रुझान दिखा था। उनका डिवीजन, जो अब तक कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य में एक प्रमुख राजस्व योगदानकर्ता था, अब उनके लिए कुछ बड़े सरकारी आदेश प्राप्त करने की सख्त कोशिश कर रहा था। लेकिन उनके सर्वोत्तम प्रयासों को कोई सकारात्मक सफलता या सफलता नहीं मिली।

उनकी एक पेशेवर कंपनी थी और उनके स्थानीय बॉस कुछ सकारात्मक परिणाम दिखाने के लिए अपने लंदन स्थित HO के दबाव में थे। कार्यकारी निदेशक (इंडिया हेड) द्वारा की गई पिछली प्रदर्शन समीक्षा बैठक में, उन्हें उनके खराब प्रदर्शन के लिए फटकार लगाई गई थी। उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि उनका डिवीजन ग्वालियर के पास एक गुप्त स्थापना के लिए रक्षा मंत्रालय से एक विशेष अनुबंध पर काम कर रहा है और जल्द ही निविदा जमा की जा रही है।


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

वह अत्यधिक दबाव में था और वह बहुत परेशान था। स्थिति को और भी बदतर बना दिया, ऊपर से एक चेतावनी थी कि यदि कंपनी के पक्ष में सौदा नहीं हुआ, तो उसका विभाजन बंद करना पड़ सकता है और उसे अपनी आकर्षक नौकरी छोड़नी पड़ सकती है।

एक और आयाम था जो उसे गहरी मानसिक यातना और पीड़ा दे रहा था। यह उनके व्यक्तिगत अनिश्चित वित्तीय स्वास्थ्य से संबंधित था। वह दो स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों और उसकी बूढ़ी बीमार माँ के साथ परिवार में अकेला कमाने वाला था। शिक्षा और चिकित्सा पर भारी खर्च के कारण उनके मासिक वेतन पैकेट पर भारी दबाव पड़ रहा था। बैंक से लिए गए आवास ऋण के लिए नियमित ईएमआई अपरिहार्य है और कोई भी डिफ़ॉल्ट उसे गंभीर कानूनी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी बना देगा।

उपरोक्त पृष्ठभूमि में, वह किसी चमत्कार के घटित होने की आशा कर रहा था। अचानक घटनाक्रम हो गया। उनके सचिव ने बताया कि एक सज्जन सुभाष वर्मा उन्हें देखना चाहते थे क्योंकि उन्हें कंपनी में प्रबंधक के पद पर दिलचस्पी थी जिसे उन्हें कंपनी में भरना था। उन्होंने आगे अपने ध्यान में लाया कि उनका सीवी रक्षा मंत्री के कार्यालय के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

उम्मीदवार-सुभाष वर्मा के साक्षात्कार के दौरान, उन्होंने उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत, साधन संपन्न और अनुभवी बाज़ारिया पाया। वह निविदा प्रक्रियाओं से अच्छी तरह वाकिफ लग रहा था और इस संबंध में फॉलो-अप और संपर्क करने की आदत होने के कारण प्रभात ने महसूस किया कि वह उन अन्य उम्मीदवारों की तुलना में बेहतर विकल्प था, जिनका हाल ही में पिछले कुछ दिनों में उनके द्वारा साक्षात्कार किया गया था।

सुभाष वर्मा ने यह भी संकेत दिया कि उनके पास बोली दस्तावेजों की प्रतियां हैं जिन्हें यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड अगले दिन रक्षा मंत्रालय को अपनी निविदा के लिए प्रस्तुत करेगा। उन्होंने उपयुक्त नियमों और शर्तों पर कंपनी में अपने रोजगार के अधीन उन दस्तावेजों को सौंपने की पेशकश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया में, स्टर्लिंग इलेक्ट्रिक लिमिटेड अपनी प्रतिद्वंद्वी कंपनी को पछाड़ सकता है और बोली और भारी रक्षा मंत्रालय का आदेश प्राप्त कर सकता है। उन्होंने संकेत दिया कि यह उनके और कंपनी दोनों के लिए फायदे की स्थिति होगी।

प्रभात बिल्कुल स्तब्ध था। यह सदमा और रोमांच की मिश्रित अनुभूति थी। वह असहज और पसीना बहा रहा था। यदि स्वीकार कर लिया जाता है, तो उसकी सभी समस्याएं तुरंत गायब हो जाएंगी और उसे बहुप्रतीक्षित निविदा हासिल करने और कंपनी की बिक्री और वित्तीय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कृत किया जा सकता है। वह भविष्य की कार्रवाई को लेकर असमंजस में था। सुभाष वर्मा की अपनी कंपनी के कागजातों को चोरी-छिपे हटाने और प्रतिद्वंदी कंपनी को नौकरी की पेशकश करने के साहस से वह हैरान था। एक अनुभवी व्यक्ति होने के नाते, वह प्रस्ताव/स्थिति के पक्ष और विपक्ष की जांच कर रहा था और उसने उसे अगले दिन आने के लिए कहा।

1. मामले में शामिल नैतिक मुद्दों पर चर्चा करें।
2. उपरोक्त स्थिति में प्रभात के लिए उपलब्ध विकल्पों का समालोचनात्मक परीक्षण करें।
3. उपरोक्त में से कौन प्रभात के लिए सबसे उपयुक्त होगा और क्यों? "

## Case Study: Running Corona Hospital (2021)

The coronavirus disease (COVID-19) pandemic has quickly spread to various countries.

As of May 8th, 2020, in India 56342 positive cases of corona had been reported. India with a population of more than 1.35 billion had difficulty in controlling the transmission of coronavirus among its population. Multiple strategies became necessary to handle this outbreak. The Ministry of Health and Family Welfare of India raised awareness about this outbreak and to take all necessary actions to control the spread of COVID -19. Indian Government implemented a 55-day lockdown throughout the country to reduce the transmission of the virus. Schools and colleges had shifted to alternative modes of teaching-learning-evaluation and certification. Online mode became popular during these days.

India was not prepared for a sudden onslaught of such a crisis due to limited infrastructure in terms of human resources, money and other facilities needed for taking care of this situation. This disease did not spare anybody irrespective of caste, creed, religion on one hand and ‘have and have not’ on the other. Deficiencies in hospital beds, oxygen cylinders, ambulances, hospital staff and crematorium were the most crucial aspects.

You are a hospital administrator in a public hospital at the time when coronavirus had attacked a large number of people and patients were pouring into the hospital day in and day out.


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

1. What are your criteria and justification for putting your clinical and non-clinical staff to attend to the patients knowing fully well that it is a highly infectious disease and resources and infrastructure are limited?
2. If yours is a private hospital, whether your jurisdiction and decision would remain the same as that of a public hospital?

कोरोनावायरस रोग (कोविड-19) महामारी तेजी से विभिन्न देशों में फैली है। 8 मई, 2020 तक भारत में कोरोना के 56342 पॉजिटिव मामले सामने आए थे। भारत को, जिसकी जनसंख्या 1.35 बिलियन से अधिक है, जनसंख्या में कोरोनावायरस के संचरण को नियंत्रित करने में कठिनाई आई थी। इस प्रकोप से निपटने के लिए कई रणनीतियाँ आवश्यक हो गई थीं। भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस प्रकोप के बारे में जागरूकता बढ़ाई और कोविड-19 के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाईयाँ कीं। भारत सरकार ने वायरस के संचरण को कम करने के लिए पूरे देश में 55 दिनों का लॉकडाउन लागू किया। स्कूल और कॉलेज में शिक्षण-सीखना-मूल्यांकन और प्रमाणीकरण के वैकल्पिक तरीके सामने आए। इन दिनों ऑनलाइन मोड लोकप्रिय हो गया। भारत इस तरह के संकटपूर्ण अचानक हुए हमले के लिए तैयार नहीं था क्योंकि मानव संसाधन, धन और ऐसी स्थिति में देखभाल करने के लिए बुनियादी ढाँचे के रूप में अन्य सुविधाओं की कमी थी। इस बीमारी ने एक तरफ तो जाति, पंथ, धर्म की परवाह किए बिना किसी को नहीं बख्शा और दूसरी तरफ 'अमीर-गरीब' दोनों को भी नहीं छोड़ा। अस्पताल में बिस्तर, ऑक्सीजन सिलेंडर, एम्बुलेंस, अस्पताल-कर्मचारी और श्मशान की कमी सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू थे। आप ऐसे समय एक सार्वजनिक अस्पताल में अस्पताल प्रशासक हैं जब कोरोनावायरस ने बड़ी संख्या में लोगों पर हमला किया और अस्पताल में मरीजों का दिन-रात आना-जाना लगा रहता था।

1. पूरी तरह से जानते हुए कि यह अत्यधिक संक्रामक रोग है और संसाधन तथा बुनियादी ढाँचे सीमित हैं, अपने नैदानिक और गैर-नैदानिक कर्मचारियों को रोगियों की देखभाल करने में लगाने के लिए आपके मानदंड और औचित्य क्या हैं?
2. यदि आपका निजी अस्पताल है, तो क्या आपका औचित्य और निर्णय वैसा ही होता जैसा कि सार्वजनिक अस्पताल में?

## Case Study: Food Processing Company's Brand Image (2021)

A reputed food product company based in India developed a food product for the international market and started exporting the same after getting necessary approvals. The company announced this achievement and also indicated that soon the product will be made available for domestic consumers with almost the same quality and health benefits. Accordingly, the company got its product approved by the domestic competent authority and launched the product in the Indian market. The company could increase its market share over a period of time and earned substantial profit both domestically and internationally. However, the random sample test conducted by the inspecting team found the product being sold domestically in variance with the approval obtained from the competent authority. On further investigation, it was also discovered that the food company was not only selling products that were not meeting the health standard of the country but also selling the rejected export products in the domestic market. This episode adversely affected the reputation and profitability of the food company.

1. What action do you visualize should be taken by the competent authority against the food company for violating the laid down domestic food standard and selling rejected export products in the domestic market?
2. What course of action is available with the food company to resolve the crisis and bring back its lost reputation?
3. Examine the ethical dilemma involved in the case.

भारत में स्थित एक प्रतिष्ठित खाद्य उत्पाद कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए एक खाद्य उत्पाद विकसित किया और आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद उसका निर्यात शुरू कर दिया। कंपनी ने इस उपलब्धि की घोषणा की और यह संकेत भी दिया कि जल्द ही यह उत्पाद घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लगभग समान गुणवत्ता और स्वास्थ्य लाभ के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। तदनुसार, कंपनी ने अपने उत्पाद को घरेलू सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कराया और उत्पाद को भारतीय बाजार में लॉन्च किया। कंपनी ने समय के साथ बाजार में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाया और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्याप्त लाभ अर्जित किया। हालांकि, निरीक्षण दल द्वारा किए गए याद्दच्छिक नमूनों (रैंडम सैम्पल) के परीक्षण में पाया गया कि सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त अनुमोदन से भिन्न उत्पाद को घरेलू


unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

स्तर पर बेचा जा रहा है। आगे की जाँच में यह भी पता चला कि खाद्य कंपनी न केवल ऐसे उत्पादों को बेच रही थी जो देश के स्वास्थ्य मानकों को पूरा नहीं कर रहे थे बल्कि अस्वीकृत निर्यात उत्पाद को भी घरेलू बाजार में बेच रही थी। इस प्रकरण ने खाद्य कंपनी की प्रतिष्ठा और लाभदायकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला।

1. घरेलू बाजार के लिए निर्धारित खाद्य मानकों का उल्लंघन करने और अस्वीकृत निर्यात उत्पादों को घरेलू बाजार में बेचने के लिए खाद्य कंपनी के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी द्वारा आप क्या कार्रवाई की कल्पना करते हैं?
2. संकट को हल करने और अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस लाने के लिए खाद्य कंपनी के पास क्या क्रियाविधि उपलब्ध है?
3. मामले में निहित नैतिक दुविधा की जाँच कीजिए।

## Case Study: CSR Funding in Amaria (2020)

Parmal is a small but underdeveloped district. It has a rocky terrain that is not suitable for agriculture, though some subsistence agriculture is being done on small plots of land. The area receives adequate rainfall and has an irrigation canal flowing through it. Amria, its administrative centre, is a medium-sized town. It houses a large district hospital, an Industrial Training Institute and some privately owned skill training centres. It has all the facilities of a district headquarters. A trunk railway line passes approximately 50 kilometers from Amria. Its poor connectivity is a major reason for the absence of any major industry therein. The state government offers a 10 year tax holiday as an incentive to new industry.

In 2010 Anil, an industrialist decided to take benefits to set up Amria Plastic Works (APW) in Noora village, about 20 km from Amria. While the factory was being built, Anil hired the required key labour and got them trained at the skill training centres at Amria. This act of his made the key personnel very loyal to APW.

APW started production in 2011 with the labour drawn fully from Noora village. The villagers were very happy to get employment near their homes and were motivated by the key personnel to meet the production targets with high quality. APW started making large profits, a sizeable portion of which was used to improve the quality of life in Noora. By 2016, Noora could boast of a greener village and a renovated village temple. Anil liaised with the local MLA to increase the frequency of the bus services to Amria. The government also opened a primary health care centre and primary school at Noora in buildings constructed by APW. APW used its CSR funds to set up women's self-help groups, subsidize primary education to the village children and procure an ambulance for use by its employeed and the needy.

In 2019, there was a minor fire in APW. It was quickly extinguished as fire safety protocols were in place in the factory. Investigations revealed that the factory had been using electricity in excess of its authorized capacity. This was soon rectified. The next year, due to nationwide lockdown, the requirement of production fell for four months. Anil decided that all employees would be paid regularly. He employed them to plant trees and improve the village habitat.

APW had developed a reputation of high-quality production and a motivated workforce.

Critically analyse the story of APW and state the ethical issues involved. Do you consider APW as a role model for the development of backward areas? Give reasons.

परमल एक छोटा लेकिन अविकसित जिला है । यहाँ की जमीन पथरीली है जो कृषि योग्य नहीं है, यद्यपि थोड़ी जीविका कृषि ज़मीन के छोटे टुकड़ों पर की जाती है । क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा होती है और सिंचाई की एक नहर वहाँ से बहती है । अमरिया एक मध्यम श्रेणी का शहर है जो कि इस जिले का प्रशासनिक केंद्र है । यहाँ एक बड़ा जिला अस्पताल, एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और कुछ निजी कौशल प्रशिक्षण केंद्र हैं । एक जिला मुख्यालय की सभी सुविधाएं यहाँ उपलब्ध हैं । अमरिया से लगभग 50 कि.मी. दूर एक मुख्य रेल्वे लाईन गुजरती है। इसकी कमज़ोर संयोजकता यहाँ पर किसी भी प्रकार के बड़े उद्योग के अभाव का मुख्य कारण है । नए उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने 10 वर्षों के लिए करावकाश दे रखा है।



unacademy.com | Download the Unacademy app
Give your feedback here: Link

वर्ष 2010 में, अनिल, एक उद्योगपति ने विभिन्न लाभों को लेने के लिए नूरा गाँव में, जो कि अमरिया से 20 कि.मी. दूर है, अमरिया प्लास्टिक वर्क्स (ए.पी. डब्ल्यू.) स्थापित करने का निर्णय लिया । जिस समय इस फैक्टरी का निर्माण हो रहा था तब अनिल ने आवश्यक मुख्य श्रमिकों को रोजगार दे कर उन्हें अमरिया के कौशल प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षित करवाया । उसके इस कृत्य से मुख्य श्रमिक ए.पी.डब्ल्यू. के प्रति बहुत वफादार हो गए।

